अरबी काव्य-दर्शन ।

अरबी साहित्यका संक्षिप्त इतिहास, परिचय और अरबी कवियोंकी उत्कृष्ट रचनाओंका अनोखा संग्रह ।

लेखक—
श्रीयुत बाबू महेशप्रसाद साधु,
मौलवी आलिम और फ़ाज़िल ।
(काशी हिन्दू-विश्वविद्यालयके अध्यापक ।)

प्रकाशक—
हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकर कार्यालय, बम्बई ।

आषाढ़, १९७८ वि० ।
१९२१

प्रथमावृत्ति ।　　[मूल्य १।)

२३५
साहित्य

विषय-सूची।

पृष्ठसंख्या

प्रकाशक—
नाथूराम प्रेमी
हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकर कार्यालय,
हीराबाग, गिरगाँव, बम्बई।

नोट—प्रारंभके पेज मंगेश
नं० ४३४ ठाकुरद्वार, बम्बईमें छ

पृष्ठसंख्या

विषय-प्रवेश।

वर्ष हुए, मुझे पहले पहल अरबी कविताके ग्य प्राप्त हुआ था। उसके बाद फिर मेरी प्रवृत्ति रबी कविताके स्वाध्यायकी ओर बढ़ती ही गई। पिछले पाँच वर्षोंमें मुझे अरबीके उच्च कोटिके ोकन करनेका सुअवसर मिला। मैंने अरबी क स्वादिष्ट रस चखा और देखा कि लैटिन, और अँग्रेज़ी आदि भाषाओंने अरबी कविताओंके ादोंसे अपना अपना भाण्डार भरा है। फिर तो ल्प कर लिया कि एक न एक दिन हिन्दीके प्रेमियों- ो काव्यका कुछ न कुछ स्वाद अवश्यमेव चखा- उसीका यह फल है कि मैं आज हिन्दी-प्रेमियोंके छोटीसी पुस्तक रख रहा हूँ।

मेरा विचार था कि "सबा मुअल्लका" अर्थात् अर- नात कविताओंका अनुवाद करूँ, जो कि सर्वोत्तम नेके कारण मक्केमें काबे (मन्दिर) की दीवारपर मे लिखकर लटकाई गई थीं। परन्तु उनके भावोंको उये अधिक व्याख्याकी आवश्यकता थी। केवल

पृष्ठसंख्या

कालिदास और भवभूति ।

अनु०—पं० रूपनारायण पाण्डेय ।

इस ग्रन्थके मूल लेखक स्व० द्विजेन्द्रलाल राय हैं । इसको पढ़कर पाठक समझेंगे कि वे केवल कवि और नाटककार ही नहीं थे किन्तु एक मार्मिक और तलस्पर्शी समालोचक भी थे । महाकवि कालिदासके अभिज्ञान-शाकुन्तल और महाकवि भवभूतिके उत्तर-रामचरितकी ऐसी गुणदोषविवेचिनी, मर्मस्पर्शिनी और तुलनात्मक समालोचना अब तक शायद ही किसी भारतीय विद्वानके द्वारा लिखी गई होगी । यह कहनेकी आवश्यकता नहीं कि द्विजेन्द्रबाबू इन नाटकोंकी समालोचना लिखनेके बहुत बड़े अधिकारी थे । क्यों कि वे सर्वश्रेष्ठ कवि और नाटककार थे । इसमें संस्कृतके उक्त दोनों नाटकोंके कथाभागकी, उनके प्रत्येक पात्रकी, उनके नाटकत्व, कवित्व, भाषा-रचना आदिकी खूब ही विस्तृत समालोचना की गई है और उसमें इस विषय-सम्बन्धी इतना ज्ञान भर दिया है कि वह प्रत्येक कवि और नाटक-लेखकके लिए अतीव उपयोगी है । संस्कृतके विद्यार्थियोंके लिए तो यह बड़े ही कामकी चीज है । इसे पढ़ कर वे नाटक-साहित्यके मार्मिक विद्वान हो सकते हैं । संस्कृतकी उच्च परीक्षाओंमें यदि यह भरती किया जाय, तो बड़ा लाभ हो । इससे संस्कृतके विद्वानोंमें गुणदोष-विवेचिनी शक्तिका जागरण होगा ।

आयुर्वेदाचार्य और सुकवि पं० चतुरसेन शास्त्रीने इस ग्रन्थकी विस्तृत भूमिका लिखी है जिसे पढ़नेसे इस ग्रन्थका महत्व और भी स्पष्ट हो जाता है । मूल्य १॥), सजिल्दका २)

साहित्य-मीमांसा ।

अनु०—पं० रामदहिन मिश्र, काव्यतीर्थ ।

श्रीयुत पूर्णचन्द्र वसुके अपूर्व बंगला ग्रन्थका अनुवाद । यह भी एक समालोचनात्मक ग्रन्थ है । इसमें पूर्वीय और पश्चिमी साहित्यकी, अर्थात् वाल्मीकि व्यास, कालिदास, भवभूति और होमर, शेक्सपियर, [illegible] आदि काव्य नाटकोंकी तुलनात्मक आलोचना करके [illegible], स-

कता और अनुकरणीयता प्रतिपादन की गई है। इसमें १ साहित्यका आदर्श, २ साहित्यमें रक्तपात (ट्रेजेडी), ३ साहित्यमें प्रेम, ४-५ साहित्यमें पुरु और मनुष्यत्व, ६ साहित्यमें वीरत्व और ७ साहित्यमें देवत्व ये सात अध्याय हैं। इन अध्यायोंमें आर्य सभ्यता, आर्य सतीत्व, आर्य शृंगार, आर्य वीरता आर्य परिवार, आत्मोत्सर्ग, स्वार्थत्याग आदि विषयोंकी उच्छ्वसित कण्ठसे महि गाई गई है। पढ़ते पढ़ते हृदय स्फीत होने लगता है। प्रत्येक आर्यत्वाभिमा साहित्यप्रेमीको यह ग्रन्थ पढ़ना चाहिए और आर्यसाहित्यके महत्त्वको हृदयं करना चाहिए। मूल्य १।) जिल्दसहितका १॥।)

अन्तस्तल।

लेखक—आयुर्वेदाचार्य पं० चतुरसेनशास्त्री। इसमें सुख, दुःख, स्मृति, क्रोध, लोभ, निराशा, आशा, घृणा, प्यार, लज्जा, अतृप्ति, आदि अनेक सिक भाव बड़े ही अनोखे ढंगसे चित्रित किये गये हैं। लेखकने मानों मनु भीतरके–अन्तस्तलके–भावोंको बाहर निकाल कर रख दिया है। भाषा चुटीली और जानदार है। पढ़ते समय गद्य काव्यका आनन्द आता है। हि इस ढंगकी यह सबसे पहली पुस्तक है। मूल्य लगभग ॥=)

हिन्दी-ग्रन्थ-रत्नाकर-सीरीज।

हिन्दीकी यह सबसे पहली और सबसे श्रेष्ठ ग्रन्थमाला है। प्रायः सभी त्यप्रेमियोंने इसकी मुक्त कण्ठसे प्रशंसा की गई है। इसमें प्रतिवर्ष ५-६ त्त्वपूर्ण ग्रन्थ निकलते हैं। अब तक इस तरहके ४८ ग्रन्थ निकल चुके बराबर निकलते जा रहे हैं। छपाई सुन्दर होती है और कागज बढ़िया जाता है। कोई भी पुस्तकालय इस ग्रन्थमालासे खाली न रहना चाहिए। स्थायी ग्राहकोंको सब ग्रन्थ पौनी कीमतमें दिये जाते हैं

प्रेम और प्रायोंका व्यक्तिगत [illegible]

विषय-प्रवेश।

प्रायः नौ वर्ष हुए, मुझे पहले पहल अरबी कविताके पढ़नेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उसके बाद फिर मेरी प्रवृत्ति दैव-योगसे अरबी कविताके स्वाध्यायकी ओर बढ़ती ही गई। यहाँ तक कि पिछले पाँच वर्षोंमें मुझे अरबीके उच्च कोटिके ग्रन्थोंके अवलोकन करनेका सुअवसर मिला। मैंने अरबी काव्यका अधिक स्वादिष्ट रस पाया और देखा कि लैटिन, जर्मन, फ्रेंच और अँग्रेजी आदि भाषाओंने अरबी कविताओंके अनेक अनुवादोंसे अपना अपना भाण्डार भरा है। फिर तो मैंने दृढ़ सङ्कल्प कर लिया कि एक न एक दिन हिन्दीके प्रेमियों-को भी अरबी काव्यका कुछ न कुछ स्वाद अवश्यमेव चखाऊँगा। सो उसीका यह फल है कि मैं आज हिन्दी-प्रेमियोंके सम्मुख यह छोटीसी पुस्तक रख रहा हूँ।

पहले मेरा विचार था कि "सबा मुअल्लका" अर्थात् अरबीकी उन सात कविताओंका अनुवाद करूँ, जो कि सर्वोत्तम समझी जानेके कारण मक्केमें काबे (मन्दिर) की दीवारपर सुवर्णाक्षरोंमें लिखकर लटकाई गई थीं। परन्तु उनके भावोंको दर्शानेके लिये अधिक व्याख्याकी आवश्यकता थी। केवल

अवस्थाके अनुसार ऐसा होना भी चाहिए था। परन्तु उनकी तुलनाएँ तथा उपमाएँ ऐसी सटीक और चुभती हुई होती हैं कि उनको पढ़कर विचारशील पुरुष मुक्त-कण्ठसे उनकी प्रशंसा किये बिना नहीं रह सकते। साथ ही यह भी अच्छी तरह प्रकट है कि ऊँट अरबके मरुस्थलका जहाज है। घोड़ा भी अरब ऐसे युद्धवीरोंके लिये कुछ कम उपयोगी पशु नहीं। मेघके छा जाने तथा वर्षाके हो जानेसे भी अरबोंके सुखमें अपूर्व वृद्धि होती थी।

अस्तु; ऊपर कहे हुए विषयों पर अरबी कवियोंने जो विचार प्रकट किये हैं, उनकी चाशनी भी पाठकोंके चखनेके लिये थोड़ी सी रख दी गई है।

अरब लड़ाईके पुतले थे। उनका समस्त जीवन संग्राममय होता था। यहाँ वीरताके साथ मरना-मारना उनके बाये हाथका खेल था। इसी लिये उनकी संग्राम-सम्बन्धी कविताएँ बड़ी विलक्षण हैं। मैंने उस विषयकी भी अनेक कविताओंका अनुवाद दिया है। परन्तु यह भी स्मरण रहे कि अरबी कवितामें केवल पुरुषोंने ही यश नहीं प्राप्त किया, बल्कि स्त्रियोंने भी पर्याप्त तथा आदरणीय कार्य्य किया है। इसलिये मैंने कई स्त्रियोंकी कविताओंका भी अनुवाद दिया है। परन्तु हिन्दी जाननेवालोंके लिये यह कठिन बात है कि वे भली भाँति जान सकें कि अमुक नाम किसी स्त्रीका है और अमुक पुरुषका। इसी लिये प्रत्येक कवियत्रीके नामके बाद कोष्ठमें 'स्त्री' शब्द लिख दिया गया है। अब पाठकगण जिस कविताके अन्तमें नामके

साथ उपर्युक्त शब्द देखें, उसके विषयमें समझ लें कि यह नाम एक सौंका है।

अरबी एक ऐसी अपूर्व भाषा है कि उसके अनेक शब्दों का भाव अँग्रेजी, उर्दू तथा हिन्दी वेसी भाषाओंमें निस्सन्देह एक बड़े वाक्यके बिना दर्शाया ही नहीं जा सकता। इसलिये अनुवादमें जितनी कठिनाइयोंका सामना करना पड़ा है, उनको मैं ही जानता हूँ। इसके अतिरिक्त उच्च कोटिके ग्रन्थोंसे सीधे अनुवाद करना भी कुछ सुगम कार्य न था। जिन लोगोंने कभी ऐसा कार्य किया है, उनको इसका अच्छी तरह अनुभव होगा। इसलिये अधिक न लिखकर अनुवादके सम्बन्धमें मैं केवल यह बतला देना चाहता हूँ कि मेरा तात्पर्य इस अनुवादसे यह नहीं है कि लोग इसके द्वारा अरबीकी मूल कविताका स्वाध्याय करें। बल्कि मैंने इस बात पर लक्ष्य रखकर अनुवाद किया है कि लोग इससे अरबी कविताका कुछ रस चख सकें। इसलिये अनुवादमें दो बातों पर विशेष रूपसे दृष्टि रक्खी है। एक यह कि अरबीका मर्म न जाय। दूसरे यह कि हिन्दी-प्रेमियोंको स्वाद अच्छा मिल सके।

अनुवादकी शुद्धताका कितना ध्यान रक्खा है, इस सम्बन्धमें मैं यह बतला देना उचित समझता हूँ कि जिन ग्रन्थों तथा कविताओंकी टीकाएँ मिल सकी हैं, उनकी अनेक टीका-टिप्पणियोंको भी ध्यान देकर देख लिया है। परन्तु फिर भी यदि कहीं तनिक भी शंका हुई है तो उसकी निवृत्ति अपने माननीय मौलाना हज़रत सैय्यद मुहम्मद तलहा साहब और मौलाना हज़रत नजमुद्दीन साहब सरीखे अरबीके धुरन्धर

मौलानाओंमें कर ली है, जो कि मेरे आदरणीय उस्ताद हैं और जिनकी योग्यताके विषयमें केवल इतना ही कह देना पर्याप्त है कि दोनों माननीय मौलाना साहबान पंजाब विश्व-विद्यालयके ओरिएण्टल कालिज, लाहौरमें मौलवी आलिम और मौलवी फ़ाज़िल अर्थात् अरबीकी उच्च श्रेणियोंके अध्यापक हैं।

यद्यपि मैंने अनुवादको यथाशक्ति सुगम ही रक्खा है, तथापि कहीं कहीं आवश्यकतानुसार टीका-टिप्पणी भी कर दी है जिसमें उन लोगों को जो अरबी और अरबोंसे बिलकुल अन-भिज्ञ हैं, समझनेमें लेशमात्र भी कठिनता न हो। फिर भी यदि पाठक निम्नलिखित बातें ध्यानमें रक्खेंगे तो निस्सन्देह अनु-वादके समझनेमें बड़ी सुगमता हो जायगी:—

(१) अरब कजूसीको बहुत ही बुरा समझते थे।

(२) अरब एक बहुत गरम देश है। दिनके समय वहाँ यात्रा करना कठिन होता था। इसलिये लोग प्रायः रात्रिमें यात्रा करते थे। किन्तु रेतमें राह भूलना साधारणसी बात थी। ऐसे यात्रियोंकी सुगमताके लिये गृहस्थोंके यहाँ अग्नि जलाई जाती थी। परन्तु ऐसी अग्नि उसीके यहाँ जलती थी जो अतिथि-सेवी होता था। आगंतुकोंकी अच्छी तरह सेवा करना और उनको उत्तम खानपानसे सुख देना बड़ा पवित्र, महत्त्वपूर्ण तथा प्रशंसनीय कार्य समझा जाता था। जो गृहस्थ ऐसे अपरिचित आगन्तुकोंकी सेवामें किसी प्रकारकी कसर करता था वह अच्छा नहीं समझा जाता था। जिसके द्वारसे आगंतुक रुष्ट होकर जाते थे वह अति निन्दनीय होता था। साथ ही इसके यह भी जान लेना चाहिए कि प्राचीन अरबमें

कालके दिनोंमें भी जो कोई आगन्तुकोंको सुख पहुँचाता था,
है विशेष रूपसे प्रशंसाका भागी होता था ।

(३) प्राचीन अरब जब कभी अपने सहायकोंको युद्ध
जाननेकी सूचना देना चाहते थे और उनके एकत्र होनेके लिये
घोषणा करना चाहते थे, तब उस अवसर पर भी किसी ऊँची
जगह पर अग्नि प्रज्वलित किया करते थे। इसके अतिरिक्त
कई अन्य बातोंके चिह्नस्वरूप भी अग्नि प्रज्वलित की
जाती थी ।

(४) अरब लड़ाईमें मर जाना अच्छा समझते थे ।

(५) तलवारके कुन्द हो जाने अथवा उसमें दन्दाने
आदि पड़ जानेका अभिप्राय यह है कि अति घोर युद्ध हुआ।

(६) बदला लेनेमें बड़ा गौरव समझा जाता था ।

(७) अरब लूटमार करके धन प्राप्त करना अच्छा सम-
झते थे । उनके खयालमें यह जीवनका एक अंग था । लूटमा
प्रायः अन्धेरी रात अथवा प्रातःकालके समय होती थी ।

(८) दोपहरके समय यात्रा करनेवाला बड़ा साह
समझा जाता था ।

(९) किसीसे माँगनेके बदले दुःख भोगना, यहाँ तक
मर जाना भी वे अच्छा समझते थे ।

(१०) अरबके कवि अपनी अथवा अपने पूर्वजों आ
प्रशंसा करना बुरा नहीं समझते थे ।

(११) अरबीके 'उम्म' शब्द का अर्थ है 'माता'।

अथवा 'बिन' का अर्थ 'पुत्र', 'बिन्त, का पुत्री' और 'बनी' अथवा 'बनू' का अभिप्राय 'समुदाय' या 'कुटुम्बी' होता है।

(१२) अरबीकी किसी मूल कविता पर उसका शीर्षक नहीं दिया था। प्रत्येक शीर्षक मेरी ओरसे लगाया हुआ है। जिसकी कविताका अनुवाद किया है उसका नाम नीचे दे दिया है।

(१३) जिस कवि अथवा कवित्रीका नाम नहीं मालूम हो सका, उसके नामके बदले "एक कवि" अथवा "एक स्त्री" आदि ऐसे शब्द रख दिये गये हैं।

(१४) कई कवियोंने अपनी पत्नीको संबोधन करके कविताएँ की हैं; और कई कवियोंने अपने आपको सम्बोधन करते हुए शिक्षाप्रद कविताएँ की हैं। और कई कवियोंने तो मध्यम पुरुषको संबोधन किया है। किन्तु उनका अभिप्राय एक प्रकारसे सार्वभौमिक ही है। परन्तु कुछ कविताएँ ऐसी भी हैं जो कि विशेष घटनाओंकी सूचक हैं तथा अरबोंके आचार-विचार तथा व्यवहार आदिको भी प्रकट करती हैं।

(१५) अनेक कवियोंकी कविताओंमें यह बात भी पाई जाती है कि उन्होंने अपनी कविताओंके प्रारंभमें अपनी प्रिया अथवा किसी कपोल-कल्पित प्रियाका ध्यान रखकर शृङ्गार रसके कुछ पद्य अवश्य कहे हैं।

मुझे पूर्ण आशा है कि इन सब बातोंपर ध्यान रखनेसे पाठकोंको ग्रन्थके अवलोकनमें तनिक भी कठिनाई न पड़ेगी। और यदि कोई कठिनाई उपस्थित भी होगी तो तनिक विचार-

से ही दूर हो जायगी । परन्तु इन बातोंके अतिरिक्त यह बतला देना भी अति आवश्यक प्रतीत होता है कि मैंने इस ग्रन्थमें एक ओर जहाँ हजरत मुहम्मद साहबसे पहलेके अरबी पद्योंके अनुवाद दिये हैं, वहाँ दूसरी ओर नवीनसे नवीन पद्योंके भी अनुवाद देनेका भरसक प्रयत्न किया है। मैंने केवल ईस्वी बीसवीं शताब्दीके ही अरबी पद्योंके अनुवा देनेका प्रयत्न नहीं किया, बल्कि कुछ ऐसे अरबी पद्योंके देनेमें भी कसर नहीं की जो कि सन १९२० ईस्वीमें रचे गये हैं। अर्थात् प्राचीन, अर्वाचीन और मध्य-कालीन तथा प्रत्येक मयके पद्योंका अनुवाद इस ग्रन्थमें दिया है जिसमें पाठकों ो वास्तविक रूपसे अरबी कविताका यथायोग्य परिच ो सके ।

मैंने इस ग्रन्थको नीति, युद्ध, शृङ्गार, वैराग्य और प्र इन पाँच भागोंमें विभक्त किया है। अरब लड़ाईके पुतले थे आ आज भी उनमें युद्ध तथा शौर्यका अंश है । इसी कारण मैंने युद्ध-खण्डको भी देना अधिक उचित समझा । पर सबसे पहले मैंने 'अरबी कविता' पर ऐतिहासिक रूपसे कु प्रकाश डाला है । उसे देखनेसे पाठकोंको 'अरबी कविता' विषयमें कुछ ऐसी बातें मालूम हो जायँगी जो बहुत ही मह पूर्ण हैं ।

प्राचीन अरब भोग-विलासके अति प्रेमी थे—वै उनसे कोसों दूर था। तत्पश्चात् मुसलमानी धर्मने भी वैरा कदर नहीं बढ़ाई । इस प्रकार वैराग्य-सम्बन्धी पद्योंका

साहित्यमें बहुत कुछ अभाव है। तथापि जिन पद्योंमें वैराग्यकी सुगन्ध आती है उनको उस भागमें रख दिया है। इस दृष्टिसे आशा की जाती है कि पाठक इस त्रुटिपर ध्यान न देंगे। वैराग्यके सिवा अन्य विषयोंकी सामग्री अरबी-काव्य-सागरमें पर्याप्त है। उसीमेंसे अनेक विषयोंकी कुछ बातें पाठकोंकी भेंट की जा रही हैं। मुझे पूर्ण आशा है कि मेरी इतनी ही सामग्रीसे पाठकोंको अरबी कविताका थोड़ासा आवश्यक परिचय भली भाँति मिल जायगा। निदान मेरी इतनी सामग्री हिन्दी संसारके निमित्त कितनी उपयोगी तथा पर्याप्त होगी, मैं इस विषयमें कुछ नहीं कह सकता। पर मैं यह जरूर कहूँगा कि जो कुछ मैं हिन्दी पाठकोंके सन्मुख रख रहा हूँ वह अरबी कविता-भाण्डारको देखते हुए यथेष्ट नहीं है; क्योंकि अरबी-कविता-भाण्डारसे लेकर अभी और भी बहुतसी बातें हिन्दीमें दी जा सकती हैं और भिन्न भिन्न बातोंको सन्मुख रखकर बहुत कुछ हिन्दी पाठकोंकी भेंट किया जा सकता है। पर यह सब कुछ उसी समय हो सकता है जब कि विशेष रूपसे कठिन परिश्रमके साथ निरंतर कुछ उद्योग किया जाय।

अब अपने वक्तव्यको समाप्त करनेसे पहले मैं, यदि श्रीयुक्त ब्रजलालजी शास्त्री, एम. ए. एम. ओ. एल. को विशेष रूपसे धन्यवाद न दूँ तो एक प्रकारसे कृतघ्नताका भागी होऊँगा; क्योंकि आपकी ही उत्तेजनासे मैं अरबी कविताओंका अनुवाद बड़े साहसके साथ कर सका हूँ। और वास्तवमें आपकी ही शुभ सम्मतिसे ग्रन्थको उपयोगी बनानेमें बहुत कुछ सहायता मिली है। साथही साथ पंडित श्रीरामचन्द्रजी शास्त्री 'कुशल',

श्री महाशय दयालजी भीमभाई देसाई एम० ए० तथा श्रीमान् सन्तराम जी बी० ए०का भी मैं कृतज्ञ हूँ। इनके अतिरिक्त मैं श्रीस्वामी वेदानन्द तीर्थजी मीमांसक चक्रवर्तीको विशेष रूपसे धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकता क्योंकि आपने कृपापूर्वक ग्रन्थका केवल अवलोकन ही नहीं किया, बल्कि यथास्थान संस्कृतके श्लोक आदि देनेमें भी बड़ी सहायता की है।

अनुवादक तथा सम्पादक

अरबी कविता।

यदि कोई मुझसे पूछे कि प्राचीन अरब क्या था, तो मैं यही कहूँगा कि लड़ाईका केन्द्र था। क्योंकि तुच्छसे तुच्छ बातों पर भी अरबोंका लड़ाईके लिये कटिबद्ध हो जाना एक साधारणसा कार्य्य था। सहस्रों मनुष्योंका तलवारके घाट उतर जाना एक छोटीसी बात थी। वर्षों लड़ते रहना मानों उनमें एक प्राकृतिक गुण था; यहाँतक कि अपने सम्बन्धियोंको भी तलवारों और भालोंसे साफ कर देना उनके स्वभावका एक अंग था। अपमानकी जो मर्य्यादा (Standard) उनकी दृष्टिमें थी, उसकी परिभाषा यदि असम्भव नहीं तो दुस्तर अवश्य है। उनकी प्रत्येक लड़ाई तथा उत्तेजित करनेवाली या लड़ मरनेवाली बातमें निस्सन्देह एक न एक विलक्षणता या चमत्कार है। परन्तु जिस वस्तुने मित्रों और शत्रुओंके एक साथ बैठनेका बीज बोया, आगे पीछे बैठनेका भेद-भाव मिटाया, किसीकी बातको कान देकर सुनने सुनानेके लिये बाध्य किया, वह अरबी कविता ही थी।

यह बात प्रायः सभी लोग निर्विवाद रूपसे जानते और मानते हैं कि प्रत्येक भाषामें कविता बड़ी ही मनोरञ्जक होती है। हर एक भाषामें कविताको उच्च पद प्राप्त है। संस्कृतमें कविताको जो महत्त्वपूर्ण पद प्राप्त हो चुका है, वह अवर्ण-

[illegible] किया। यह कालके एक बड़े सरदार [illegible] भाई था। स्वयं राजा नहीं था। वह [illegible] राजकुमार था। परन्तु इसने कवितामें चमत्कार उत्पन्न किया था, इसलिये वह 'मलि-कुश्शुअरा'के नामसे विख्यात है। इस कविका जन्म हजरत मुहम्मद साहबके जन्मसे लगभग एक सौ वर्ष पहले हुआ था।

प्राचीन कालमें कविता

वास्तविक अर्थात् प्रचलित अरबी कविताके जन्म-कालका जो पता चलता है वह हजरत मसीहसे ४०० वर्ष बाद अर्थात् हजरत मुहम्मदके जन्मसे लगभग १०० वर्ष पहले ठहरता है। अपने जन्म-कालसे लेकर हजरत मुहम्मदके समय तककी कविता अरबी साहित्य संसारमें सबसे उच्च कोटिकी कविता थी। आज भी उसी कालकी कविता प्रामाणिक रूपमें पेश की जाती है और उसका लोहा आज भी अरबीके बड़े बड़े विद्वान मानते हैं। इसके सिवा यह भी एक महत्त्वपूर्ण बात है कि हजरत मुहम्मद साहबसे पहलेका समय 'अज्ञानताका समय' कहा जाता है। परन्तु उस कालके कई कवियोंने काव्यमें ज्ञानयुक्त बातोंको भी दर्शाया है। पर यह बात अवश्यमेव स्पष्ट है कि प्राचीन कविताओंमें किसी अद्भुत चीजका वर्णन नहीं है; किन्तु अरबके घोड़ों, ऊँटों और टीलों आदिके विषयमें भी जो कुछ कहा गया है, उसमें भी चित्ताकर्षणकी जबरदस्त शक्ति है। इसके अतिरिक्त प्राचीन कवियोंका बहुत कुछ महत्त्व इस बातसे भी जाना जा सकता है कि उस कालमें अनेक कवि ऐसे भी हुए

हैं जिन्होंने समय पड़ने पर तुरन्त बिना सोचे विचारे अ
अपूर्व कविताएँ की हैं। इन सब बातोंसे कुछ ऐसा प्रत
होता है कि प्राचीन अरबमें कविताका प्रबल संस्कार स्व
भाविक ही था। इसी कारण कवि लोग अलंकृत कविता
द्वारा लोगोंको जिधर चाहते थे, उधर ही फेर देते थे। यहाँ त
कि यदि युद्धस्थलमें पूर्वजोंकी वीरता और गौरवका वर्ण
करते तो सहस्रों दुर्बल आत्माओंमें भी अदम्य उत्साह भर दे
थे। और यदि शोक प्रकट करनेके लिये कभी कुछ कह
तो आँखोंसे आँसुओंकी धारा बन्द न होने देते थे। कवित
की ही बदौलत लोग बड़ा सम्मान पाते थे। अरबमें प्रत्ये
समुदायके लोग पृथक् पृथक् रहा करते थे। इसलिये जि
कबीले (समुदाय) के लोग कवि होते थे, वह भी बड़ा आद
णीय समझा जाता था। कविताका ही एक ऐसा द्वार थ
जिससे किसीकी भलाई या बुराई बिना किसी समाचारप
या नोटिसके समस्त अरबमें फैल जाती थी।

अरबोंकी

२०० नाम अरबीमें हैं। अरब इन सब नामोंको कण्ठस्थ रखते थे; और अपनी स्मरण-शक्तिकी ही बदौलत प्रायः लिखनेको बुरा समझते थे। वे कहते थे कि यदि लेखमें सब बातें आ जायँगी तो स्मृतिका विश्वास जाता रहेगा। साथ ही लेखकी अशुद्धि भी प्रामाणिक समझी जा सकेगी। इस प्रकार समस्त बातोंको वे स्मरण रखना ही सर्वोत्तम समझकर अनेक कविताएँ याद कर लेते थे। इसके अतिरिक्त बहुतसे लोगोंमें यह गुण भी था कि वे केवल एक बार सुनकर ही कविताएँ याद कर लेते थे। इसी लिये यदि एक बार किसीकी भलाई अथवा बुराई अरबमें फैल जाती, तो वह अमिट हो जाती थी। क्योंकि एक पीढ़ीके बाद दूसरी पीढ़ीवाले क्रमानुसार सब कुछ स्मरण कर लेते थे और इसी प्रणालीके कारण हम अरबकी कविताओंको जान सके हैं और उनके प्राचीन आचार-विचार बहुत कुछ मालूम कर सके हैं। जिस प्रकार संस्कृतवालोंने धर्मशास्त्र तथा इतिहास तकको कविताका रूप दे दिया है, उसी प्रकार अरबोंने भी अपने सम्बन्धकी प्रायः सभी बातोंका कवितामें वर्णन किया है। और इसी लिये सब लोगोंने माना है कि कविता ही अरबका कोष है।

कविताका प्रभाव।

अरबी कविताके विषयमें यदि यह कहा जाय तो अनुचित न होगा कि कविताने अरब निवासियोंपर जादूकासा काम कर दिखाया है। अरब-निवासियोंका पहले यह हाल था कि वे एक दूसरेसे पृथक् पृथक् रहा करते थे। घरा घरा

सी बात पर वे हजारोंकी संख्यामें मर-कट जाते थे। उन्हीं अरब-निवासियोंका यादको यह हाल हुआ कि कविता सुननेके लिये वे एक स्थान पर इकट्ठे होनेके आदी हो गये। अरब-निवासियोंने वर्षमें कुछ समय ऐसा नियत कर रक्खा था, जिसमें वे लड़ाई-भिड़ाई बिल्कुल बन्द रखते थे। उस नियत समयमें कोई मनुष्य अपने किसी शत्रुसे वैर-विरोधका बदला नहीं ले सकता था। उस शान्तिके समयमें हर साल "ओक्काज" नगरमें एक बड़ा बाजार लगता था। उस बाजारमें हजारों कोसके व्यापारी आदि बिना किसी खटकेके आते थे। बाजारमें लाखोंका लेन देन होता था। अरबमें जब कविताका प्रचार हुआ, तब वहाँपर कवियोंने भी अपनी कविताएँ सुनाना आरम्भ कर दिया। थोड़े ही दिनों बाद ऐसा होने लगा कि सब लोग एक बड़े मैदानमें बैठ जाते थे। फिर कोई मनुष्य एकाएक खड़ा हो जाता था और बिना अपना परिचय दिये ही अपनी कविता सुनाना आरम्भ कर देता था। कविता प्रायः शूरवीरता, पूर्वजोंके गौरव, प्रेम, विलाप और तलवार आदिके विषयमें होती थी। जिसकी कविता सबसे उत्तम होती थी उसकी धूम क्षण भरमें सारे बाजारमें मच जाती थी। बादको बाजारवालोंकी बदौलत ही वह समस्त अरबमें विख्यात हो जाता था और उसकी कविता भी अरब-निवासियोंकी अपूर्व स्मरण-शक्तिकी बदौलत अरबके कोने कोनेमें फैल जाती थी।

सात सर्वोत्तम कविताएँ।

बहुतसे ऐतिहासिकोंका यह मत है कि कविताओं-

में जो कविता सबसे उत्तम होती थी वह नाना प्रकारके कीमती रेशमी कपड़े या किर्तासपर सुनहरी रोशनाईसे लिखी जाती थी और मक्केमें काबेकी दीवार पर लटका दी जाती थी। इस प्रकारसे लटकाई जानेवाली कविताको अरबीमें "मुअल्लका" कहते हैं। कविता सुनहली रोशनाईसे लिखी जाती थी, इसी लिये अरबीमें ऐसी कविताको "मुज़हहबा" भी कहा गया है। ऐसी कविताओंकी संख्या मुसलमानी धर्मके जन्मकाल तक केवल सात हो चुकी थी। हज़रत मुहम्मद साहबने इन सातों कविताओंको काबेकी दीवारपरसे उतरवा दिया था। ये कविताएँ संख्यामें सात थीं; इसलिये इनको अरबीमें "अससबउल मुअल्लकात" कहते हैं। इसके अतिरिक्त इनको "अलमुज़हहबात" या "अससुमूत" भी कहा जाता है।

युरोपमें आदर।

उपर्युक्त सातों सर्वोत्तम कविताओं तथा अन्य उत्तमोत्तम प्राचीन कविताओंका अरबी संसारमें जितना आदर हुआ है, उसके लिये तो कुछ कहनेकी आवश्यकता ही नहीं है। परन्तु यूरोपियन भाषाओंमें भी उनका जितना आदर हुआ है, उसका अन्दाज़ बहुत कुछ इसी बातसे लग सकता है कि अनेक कविताओंके अनुवाद लैटिन, फ्रेंच, जर्मन और अँग्रेजी आदि भाषाओंमें हो चुके हैं; और अनेक अरबी-कविताओंके अनुवादकी आवृत्तियाँ गद्य और पद्य दोनोंमें निकल चुकी हैं। प्रसङ्गवश इस अवसरपर यह बतला देना भी उचित प्रतीत होता है कि अरबी कविताओंमें अद्भुत चीज़ोंका वर्णन नहीं

है; और न एक मात्र ऐसी ही बातोंका उल्लेख है जिनसे दार्शनिक अथवा नास्तिक लोग ही किसी दशामें इनकार कर सकते हों। बल्कि अधिकांश वर्णन शूरता, वीरता, विलाप, प्रेम, तलवार आदिका ही है। तथापि यूरोपियन विद्या-प्रेमियोंने अरबी कविताका बहुत अधिक आदर किया है।

कवितामें स्त्रियोंका भाग।

इस अवसर पर यह बतला देना भी उचित प्रतीत होता है कि अरबी कवितामें स्त्रियोंने जो काम किया है, वह भी उच्च कोटिमें परिगणित होता और आदर-दृष्टिसे देखा जाता है। जिस प्रकार आजकल अरबमें स्त्री-शिक्षाका कुछ भी प्रबन्ध नहीं है, उसी प्रकार प्राचीन कालमें भी कोई प्रबन्ध नहीं था। फिर भी कविता तथा साहित्यकी जो सेवा स्त्रियों द्वारा हुई है, वह आज भी प्रशंसनीय और आदरणीय समझी जाती है। स्त्रियोंके रचे पद्य प्रायः शोक और विलापसे भरे हुए हैं। परन्तु किसी किसी स्त्रीने शौर्य्य और वीर-रससे भरे हुए ओजस्वी पद्य भी कहे हैं। और जिस प्रकार अरबी काव्यमें अनेक पुरुषोंने अमिट यश पाया है, उसी प्रकार अनेक स्त्रियोंने भी अरबी संसारमे अक्षय्य कीर्ति प्राप्त की है। ऐतिहासिकोंका मत है कि एक बार ओकाजके बाजारमें ही कवि-सम्राट् इमर उलकैस और एक अन्य कविके बीचमें काव्य-विषयक कुछ झगड़ा पड़ गया था। उसको निपटानेमें एक स्त्रीने जिस योग्यताका परिचय दिया था, उसका लोहा आजकलके ...िके बड़े बड़े विद्वान् और बुद्धिमान् भी ...

मुसलमानी कालमें कविता।

हाँ, इसमें सन्देह नहीं कि कविताकी हालत हज़रत मुह-म्मद साहबके बाद वैसी नहीं रही जैसी कि उनके समयमें अथवा उनसे पहले थी। किन्तु हज़रत मुहम्मद साहबके बाद कई सौ वर्ष तक कविताकी जो हालत रही, उसे कोई मनुष्य ख़राब नहीं कह सकता। इस कालमें कविताका रंग ढंग कई कारणोंसे अवश्य ही बहुत कुछ बदल गया। परन्तु तौभी लोगोंने कविताकी ओरसे बिल्कुल मुख नहीं मोड़ लिया था, बल्कि बहुतसे लोग कविता करने और सुननेमें काफ़ी दिलचस्पी रखते थे।

हज़रत मुहम्मद साहबके पश्चात् मुसलमानोंकी जो बड़ी सल्तनतें कायम हुई थीं, उनके दरबारोंमें भी कवियोंकी बड़ी कदर थी। कवियोंको माक़ूल वज़ीफ़ा या इनाम मिला करता था। उस समयमें भी कुछ कवि ऐसे हो गये हैं, जो प्राचीन कवियोंकी भाँति यथासमय तत्काल नई कविता करनेकी अपूर्व शक्ति रखते थे; अथवा ऐसी अलंकृत कविता कर सकते थे जैसी अलंकृत कविता प्राचीन अरबवालोंकी होती थी। एक कविके बारेमें ऐतिहासिकोंका मत है कि वह प्राचीन अरबकी कविता-के पद्योंमें अपने कहे हुए पद्य इस प्रकार मिला देता था कि बड़े बड़े लोगोंके लिये भी यह अति कठिन हो जाता था कि वे कविताके प्राचीन और अर्वाचीन पद्योंको भली भाँति परख सकें! हज़रत मुहम्मद साहबके पश्चात् बहुत दिनों तक अरबी कविताका यथेष्ट मान बना रहा; और आज भी उस कालकी

कविताका यथायोग्य मान साहित्य-संसारमें है । किन्तु वास्तवमें कविताका मान अधिक दिनोंतक बहुत अच्छी तरह न रह सका । धीरे धीरे उसका रंग फीका पड़ता गया । इसका मूल कारण यह मालूम होता है कि इस कालमें भिन्न भिन्न विषयोंकी जो पुस्तकें भिन्न भिन्न भाषाओंसे अरबीमें अनुवादित होने लगीं अथवा हुई थीं, उनका गद्यमें अनुवाद होना आवश्यक था । दूसरे यह कि लोगोंकी रुचि कुछ स्वाभाविक रूपसे भी गद्यकी ओर हो गई थी । आज बीसवीं शताब्दीमें अरबी कविताकी जो हालत है और प्राचीन समयमें जो हालत थी, उन दोनों हालतोंमें यद्यपि ज़मीन और आसमानका फ़र्क़ है, तथापि यह बड़े ही सौभाग्यकी बात है कि अब भी अरबी संसारमें ऐसे ऐसे योग्य कवि मौजूद हैं जिनकी बदौलत अरबी कवितामें जान पड़ी हुई है और जिनको अरबी कविताासे सच्चा और हार्दिक स्नेह है ।

नीति ।

विपत्तिके समय यदि मनुष्य नीतिसे काम नहीं लेता तो वह अपनी जान निरर्थक खोता है और दुर्दशामें फँसकर कष्टका भागी होता है।

लेकिन चतुर पुरुष वह है जो किसी संकटमें पड़ते ही झट नीतिपर दृष्टि डालता है।

ऐसा मनुष्य संसारमें आयु पर्य्यन्त एक अच्छा सरदार बना रहता है; और जब उसका एक मार्ग बन्द हो जाता है तब दूसरा खुल जाता है।

—तामस्वन शर्टन।

अरबी काव्य-दर्शन ।

१—नीति ।

सुनहरी शिक्षा ।

जिस स्थानमें भद्र पुरुषकी दुर्गति होती है उस स्थानपर तनिक भी ठहरनेसे संकटमें पड़ना पड़ता है ।

जातियोंमें कोई कोई दूषित स्वभाव वैसा ही असाध्य हुआ करता है जैसा कि जलोदरका रोग असाध्य होता है ।

किसी किसी बातसे कभी तो कुछ तत्त्व ही नहीं निकल सकता; जैसे, पानी बिलोनेसे मक्खन नहीं निकला करता ।

मनुष्य तो चाहता है कि मेरी इच्छाएँ पूर्ण हों; किन्तु ईश्वर उसके अनुसार नहीं करता; बल्कि स्वयं जो कुछ चाहता है वही देता है ।

। जातिपर कोई सख्ती आती है तब उस
ही नरमी आ जाती है ।

लोभी पुरुष अपने लोभके कारण धनी नहीं हो जाया करता। बल्कि उदार पुरुष दान करने पर भी कभी कभी धनवान् हो जाया करता है।

उदार हृदयवाला पुरुष जबतक जीता रहता है तबतक आनन्दसे ही रहता है। और संकीर्ण हृदयवाला आयु पर्य्यन्त दुःखी ही रहता है।

कंजूसको धनसे कुछ लाभ नहीं होता; और न दानीको अपने दानके कारण किसी प्रकारका दोष ही लगा करता है।

किसी किसी अति कठिन रोगकी भी दवा है। लेकिन जड़ताकी तो कोई ओषधि ही नहीं है।*

—कैस-बिन इल खतीन।

कुछ बिखरे मोती।

मान-मर्यादा प्राप्त कर, चाहे वह नरकमें ही क्यों न मिले। और अपमानको त्याग, चाहे वह चिरस्थायी स्वर्गमें ही क्यों न हो।

एक तुच्छ मनुष्य नपुंसकको मार डालता है, चाहे वह तुच्छ बालकके सिरका कपड़ा भी न काट सके।

मेंढ चरानेवाला गडरिया अपनी अज्ञानताकी अवस्थामे
भी वैसे ही मरेगा जैसे कि जालीनूस ऐसा भारी चिकित्सक
ज्ञानी होकर मरा था।

अनेक बार ऐसा देखा गया है कि अज्ञानीकी आयु
अधिक होती है और उसकी जान भी अधिक सुरक्षित
रहती है।

क्या श्रेष्ठ नीच कहा जा सकता है ? अथवा स्वच्छको
अस्वच्छ बताया जा सकता है ?

यदि तू किसी कुलीनका सत्कार करेगा तो उसका स्वामी
बन जायगा। और यदि किसी दुष्टका सत्कार करेगा तो वह
तुझे दुःख देगा।

तलवार चलानेके अवसरपर प्रभुताके लिये उदारता दर्श
प्रकार हानिकारक है, जिस प्रकार कि उदारताके अवसर पर
तलवारसे काम लेना हानिकारक है।

किसी स्थानमें मेरा कोई मित्र (सहायक) ही नहीं मिल सकता। क्योंकि जब किसी मनुष्यका लक्ष्य महान् हो जाता है तब उसके सहायक भी कम हो जाया करते हैं।

बुद्धिमत्तापूर्वक थोड़ासा प्रेम निस्सन्देह अच्छा है। और निर्बुद्धिताके साथ अधिक प्रेम भी बुरा है।

जब किसी मामलेमें दिल ही हाथको न उठावे तब वह ही हाथको क्योंकर उठावेगा ?

कालने अपने संप्रदायमें यह फैसला कर रक्खा है एक जातिकी विपत्तियाँ, दूसरी जातिके लिये कल्याणकारी।

—मुतनब्बी।

धन और निर्धनता।

जो मनुष्य अपनी जातिमें निर्धन हो जाता है वह, धनव ही प्रशंसा करता है; चाहे वह अपनी जातिमें उच्चकुल-उत्प भद्र पुरुष ही क्यों न हो।

निर्धनतासे मनुष्यकी बुद्धि दूषित हो जाती है, चाहे वह एक बहुत बड़ा नीतिज्ञ और सरदार ही क्यों न हो।

---

* जैसे औलिया मोमनान्।
[illegible] इसीके मुताबिक है (एककी हानि होनेसे दूसरेको लाभ मिलता है)।

मनुष्य जब वस्त्र धारण कर लेता है तब ऐसा प्रतीत होता है कि मानों वह कभी नग्न ही नहीं था। और जब अमीर हो जाता है तब ऐसा मालूम होता है कि मानों वह कभी ग़रीब ही नहीं था।

जब तू किसी जगह तंग हो जाय, तो किसी दूसरी जगह चला जा; क्योंकि तुझे बहुतसे विश्वसनीय स्थान मिल जायँगे*

—जाबिर-बिन-मालक उत-ताई।

जैसेको तैसा।

उम्म-सआद (सआदकी माता) मेरा कड़वा स्वभाव तथा तीखी प्रकृति देखती है, इसलिये वह मुझको सठियाया हुआ बतलाती है। लेकिन सच तो यह है कि वह मेरी हालत नहीं जानती।

मैंने उससे कहा कि भद्र पुरुष चाहे कितना ही सुशील क्यों न हो, तथापि किसी अवसरपर वह मुसब्बर (एलुवा) से भी अधिक कड़वा पाया जाता है।

---

* यस्मिन् देशे न सम्मानो न वृत्तिर्न च बान्धवः ।
न च विद्यागमः कश्चित् तं देशं परिवर्जयेत् ॥
जिस देशमें न तो आदर, न गुजारा, न बन्धुवर्ग और न कुछ विद्या-प्राप्ति हो, उस देशको त्याग देना चाहिए।

किसी स्थानमें मेरा कोई मित्र (सहायक) हो
सकता। क्योंकि जब किसी मनुष्यका लक्ष्य महान्
है तब उसके सहायक भी कम हो जाया करते हैं।

बुद्धिमत्तापूर्वक थोड़ासा प्रेम निस्सन्देह अच्छा
निर्बुद्धिताके साथ अधिक प्रेम भी बुरा है।

जब किसी मामलेमें दिल ही हाथको न उठावे
हो हाथको क्योंकर उठावेगा ?

कालने अपने संप्रदायमें यह फ़ैसला कर रक्
एक जातिकी विपत्तियाँ, दूसरी जातिके लिये कल्याण

धन और निर्धनता।

जो मनुष्य अपनी जातिमे निर्धन हो जाता है वह
ही प्रशंसा करता है; चाहे वह अपनी जातिमें उच्चकुल
भद्र पुरुष ही क्यों न हो।

निर्धनतासे मनुष्यकी बुद्धि दूषित हो जाती है, च
एक बहुत बड़ा नीतिज्ञ और सरदार ही क्यों न हो।

---

* जीवो जीवस्य भोजनम्।
एक प्राणी दूसरेका सूचक है (एककी जान जानेसे दूसरेको प्राण मिल

अच्छी मित्रता।

मैं दुर्बल तथा नीच नहीं हूं, और न ऐसा ही हूँ कि मेरा त्र यदि मुझसे मुँह मोड़े तो आतुर हो जाऊँ अथवा इने लगूं।

परन्तु यदि मित्र प्रीति रक्खे तो मैं भी निस्सन्देह प्रीति रता हूँ। और यदि उसका मार्ग मुझसे दूर हो जाता है तो रा मार्ग भी उससे दूर हो जाता है।

ध्यान रहे कि अच्छी मित्रता वह है जिसे आत्मा पसन्द रे और वह नहीं, जो कि दुःखदायी बनकर आवे।

—असद बराका एक कवि।

जब मेरा कोई मित्र मुझसे नाता तोड़े और मुझसे मित्रता रखना उचित न समझे, तब मैं ऐसा नहीं हूँ कि उस र कोई दोष आरोपण करूँ या उसको कोसूँ। मैं उसको बिल्कुल छोड़ देता हूँ। फिर हम दोनों पृथक् पृथक् जीवन व्यतीत करते हैं। परन्तु मैं उस समय भी कोई अनुचित शब्द मुँहसे नहीं निकाला करता।

पेट पापीकी मित्रतासे पृथक् रह; क्योंकि जब उसके साथ मित्रताकी रस्सी टूट जाती है तब वह झूठी बातें बनाया

—मुतवक्किल-उल लैसी।

नम्रता निर्बलता है; कठोरतासे रोब-दाब रहता है; और जिस मनुष्यका कुछ रोब-दाब नहीं हुआ करता उसकी बड़ी दुर्दशा होती है।

जो मनुष्य मुझसे नम्रताके साथ मिलता है, मैं भी उसके साथ धृष्टता नहीं करता। लेकिन दुष्टताके उत्तरमें मैं अति कटु हूँ। मैं टेढ़ेका टेढ़ापन दूर कर देता हूँ और उसको सीधा करके पूर्ववत् कर देता हूँ। यहाँ तक कि उसकी नाकमें एक नकेल डाल देता हूँ जिसमें वह अपनी सीमाका उल्लंघन न कर सके।

ऐ उम्म-सआद ! यदि तू मुझको बुरा भला कहती है, तो निस्सन्देह तू एक ऐसे पुरुषको बुरा-भला कहती है जिसकी निर्धनताकी कथा प्रशंसनीय है, और जिसकी अमीरीमें सबका हिस्सा है।

जब वह अखण्ड व्रत धारण करता है, तब अपनी दोनों आँखोंके सन्मुख अपनी प्रतिज्ञाको रख लेता है और बादिया सुरैजी तलवारकी भाँति कर्मक्षेत्रमें प्रविष्ट हो जाता है।

—मस्साद-बिन-नाशिर।

यदि तुझे किसीका अनुसन्धान करनेकी स्वतन्त्रता दी जाय, तो किसी विवेकी और कुलीन को अपना मित्र बना।

—एक कवि

पुत्रको उपदेश ।

हे पुत्र ! बुद्धिमान पुरुष नीतिका उपदेश समझदार-को ही देता है ।

तू अपने मित्रसे सदैव मित्रता रख। वह मित्रता जो सदैव नहीं रहती, अच्छी नहीं है ।

अपने पड़ोसीके स्वत्वको पहचान, और जान ले कि अच्छे मनुष्य ही पड़ोसीके स्वत्वको पहचाना करते हैं ।

समझ रख कि अतिथि कुछ समय बाद किसी न किसी दिन आतिथ्यकर्ताकी या तो प्रशंसा करेगा, और या बुराई ।

लोग दो प्रकारके कार्य्य किया करते हैं — प्रशंसनीय कार्य्य या निन्दनीय कार्य्य ।

हे मेरे पुत्र यह भी याद रख कि विद्वान् पुरुषको विद्या-से ही लाभ होता है ।

निस्सन्देह कुछ छोटी छोटी बाते ऐसी भी होती हैं कि जिनसे बड़े बड़े बखेड़े उठ खड़े होते हैं ।

बदला उस क़र्जके समान है जो कि बारम्बार तुझसे माँगा जाता है । और यह क़र्ज (बदला) कभी कभी क़र्ज़दार (बदला लेनेवाले) को देरसे मिलता है ।

दुष्टता दुष्टको पछाड़ डालती है; और अत्याचारकी चरागाह (चरी) का चारा अत्याचारीके अनुकूल नहीं होता।

किसीको किस तरह यह मालूम है कि मैं अपने पुत्रसे पहले मरूँगा अथवा मेरा पुत्र मुझसे पहले मर जायगा।

मनुष्य वह है जो युद्ध-स्थलकी कठिनाइयोंके समय भी दृढ़ हृदयवाला हो, आपत्तियोंमें दुःखी न हो और सन्नाटेमें मैदान न छोड़े।

स्मरण रहे कि भीरु तथा डरपोक मनुष्यमें लड़ाईका भार उठानेकी शक्ति नहीं होती।

अच्छे घोड़ोंमेंसे सर्वश्रेष्ठ घोड़ा वह है जो बहुत दौड़ता और खूब लगाम चबाता है। — अली बिन हुसन-उल मक्की।

मनुष्य और उसका साहस।

जिस मनुष्यमें जितना साहस होता है उसीके अनुसार उसके संकल्प भी होते हैं। और जिस मनुष्यका जैसा दान होता है उसीके अनुसार उसके प्रशंसनीय कार्य्य भी हुआ करते हैं।

जो मनुष्य भीरु है वह छोटे छोटे कार्य्योंको भी बहुत बड़े बड़े कार्य्य समझता है। और जो साहसी होता है वह बहुत बड़े बड़े कार्य्योंको भी छोटे ही छोटे कार्य्य समझता है।

मैं अपनी जातिके कारण श्रेष्ठ नहीं हुआ, बल्कि मेरे कारण मेरी जाति श्रेष्ठ हुई है। और मुझे अपने आप पर गर्व है, न कि अपने बाप-दादोंके कारण।

वीर पुरुष उस समय भी सुरक्षित होता है जब कि बड़े बड़े सरदारोंकी छातीके रक्तमें भाला घुसा होता है।

—मुतनब्बी।

कभी मुसाफिर तेरा भाई बन जाता है और सगा नातेदार नाता तोड़ बैठता है ।

कभी धनके कारण मनुष्यका आदर किया जाता है और निर्धनतासे निर्धनका अनादर होता है ।

कभी बड़ा नीतिज्ञ या धर्म्मात्मा पुरुष निर्धन हो जाता है और पापी निर्बुद्धि धनवान् हो जाता है ।

कभी पापीको छोड़ दिया जाता है और धर्म्मात्माकी परीक्षा की जाती है । सो उन दोनोंमें कौनसा बुरा है ?

मनुष्य उचित कार्य्योंमें भी कंजूसी करके धन इकट्ठा करता है । परन्तु वे ऊँट जिनको कि वह चराता है, कभी कभी ऐसे वारिसोंकी जायदाद बनते हैं जो कि उसके वंशके नहीं होते ।

उस मनुष्यकी कंजूसी कितनी बुरी है जो कि काल और उसके चक्रका ठीक निशाना है और देखता है; कि जातियाँ उसीके सामने ऐसी पिस गई हैं, जैसे कि सूखी घास चूर चूर हो जाती है ।

सृष्टि नष्ट हो जायगी । सो न कोई सर्वदा दु:खी रहेगा और न सुखी ।

जल्दी ही अपने पतिके मरनेसे स्त्री राँड हो जायगी, या पत्नीकी मृत्युके कारण पुरुष रँडुआ हो जायगा ।

चेतावनी।

जब कि तू धनी हो और अपनी आवश्यकतामें बच रहनेवाले धनको पुण्यार्थ न दे तो तेरी प्रशंसा करनेवाला कोई न होगा।

यदि तू उस मनुष्यकी रोक थाम नहीं करेगा जो तेरे निकट रहकर तुझे दुःख देता है, तो दूरवाले तुझपर तीर चलायेंगे।

जब कि तेरी शान्ति तेरी अज्ञानतापर प्रबल न रहेगी तो तुझपर बहुतसी बिजलियां और कड़ककी भरमार रहेगी।

यदि तेरे सङ्कल्पकी दृढ़ता तेरे संशयको दूर न कर देगी तो तू अन्य लोगोंके अधीन रहेगा, जैसे ऊँटनी अपनी नकेलवाले अधिकारीकी अधीनतामें रहती है।

जब गाड़नेवाले तुझको कबरमें गाड़ देंगे और तेरा माल और लोगोंकी जायदाद बन जायगा, तब तुझको अपने जमा किये हुए धनसे कुछ भी लाभ न होगा।

यदि तू अतिथिको अच्छा भोजन न देगा और उसको उत्तम आसन पर न बैठावेगा, तो तू ऐसे अपयशका वस्त्र धारण करेगा जिसको लोगोंकी गालियाँ, तथा उनके पद्य और गद्य सदैव प्रकट करते रहेंगे।* —मुहम्मद-बिन बशीरहाज।

---

* अतिथिर्यस्य भग्नाशो गृहात्प्रतिनिवर्त्तते।
स तस्मै दुष्कृतं दत्त्वा पुण्यमादाय गच्छति॥

जिसके घरसे अतिथि निराश होकर लौटता है, वह अपने पाप उसे देकर और उसके पुण्य लेकर जाता है (क्योंकि वह स्थान स्थान जाकर उसका अपयश करेगा, और अपयश पापका फल है। अपयशके फैलानेसे सुकीर्तिका लोप हो ही जाता है।)

अपरिचितका विश्वास नहीं।

जब कि कोई मनुष्य वृद्ध हो और न तो उसके लिये मृत्युमें भी भयभीत न होनेवाले अपार शूर हों, न अति दुस्तर कार्य्य करनेवाले महाप्रतापी ही उसकी सहायता करें।

ऐसे मनुष्यको एक तुच्छ शत्रु भी तोड़ डालता है और सदैव उस पर आतङ्क जमाये रहता है; चाहे वह कितना ही शूर और शक्तिशाली क्यों न हो।

मैत्री-कालमें, तू जिससे चाहे, भ्रातृ-भाव रख ले। किन्तु यह जान ले कि निस्सन्देह तेरे चचेरे भाईके सिवा, संसारमें प्रत्येक व्यक्ति अपरिचित है।

तेरा सच्चा भाई (तेरे चचेरे भाइयोंमेंसे) वह है जिसको तू अपने सहायतार्थ बुलावे और वह प्रसन्नतापूर्वक तेरी सहायताके लिये आवे—चाहे रणक्षेत्रमें रक्तकी धारें ही क्यों न बहती हों।

तू अपने चचेरे भाईसे विमुख मत हो, चाहे वह कुटिल ही क्यों न हो; क्योंकि उसीकी बदौलत कार्य्य सँवरते और बिगड़ते हैं।

—कुराद-बिन-सोबाद।

यदि तू किसी मित्रका उत्सुक हो, तो प्रत्येकको जो कि मित्रताका दम भरता है, अपना मित्र न समझ।

—एक कवि

...ब कि तू धनी हो और अपनी आवश्यकतासे बच रहने-
धनको पुण्यार्थ न दे तो तेरी प्रशंसा करनेवाला कोई
गा।

यदि तू उस मनुष्यकी रोक थाम नहीं करेगा जो तेरे
...ट रहकर तुझे दु:ख देता है, तो दूरवाले तुझपर तीर
...वेंगे।

जब कि तेरी शान्ति तेरी अज्ञानतापर प्रबल न रहेगी,
तुझपर बहुतसी बिजलियां और कड़ककी भरमार रहेगी।

यदि तेरे संकल्पकी दृढ़ता तेरे संशयको दूर न कर देगी
तू अन्य लोगोंके अधीन रहेगा; जैसे ऊँटनी अपनी नकेल-
...ले अधिकारीकी अधीनतामें रहती है।

जब गाड़नेवाले तुझको पत्थरमें गाड़ ...

महत्व किसमें है।

यद्यपि मैं बड़े डील-डौलवाला नहीं हूँ तथापि उत्तम कार्यों की बदौलत महान् हो सकता हूँ।

शरीरकी सुन्दरता तथा शोभासे कोई मनुष्य प्रशंसाका भागी नहीं हो सकता, जबतक कि शरीरकी कान्तिके अनुसारही उसमें ज्ञान न हो। ❀

जब मैं भद्र पुरुषोंकी सङ्गतिमें रहता हूँ, उस समय मैं दान करनेमें उनसे बढ़ जाता हूँ। यहाँ तक कि मुझे ही सर्व-श्रेष्ठ कहा जाता है।

प्रायः हमने यह देखा है कि वे शाखाएँ सूख जाती हैं जिनको उनकी जड़ोंने जीवित नहीं रक्खा है। •

मैंने पुण्यके समान कोई ऐसी वस्तु नहीं देखी जिसका स्वाद मीठा हो और आकृति भी चारु हो।

—फ़ज़ारीनका एक कवि

कमीनोंके पास बैठना कमीनगीका चिह्न है। और जो मनुष्य किसी पंडितके पास बैठा करता है, चतुर कहलाता है।

उभरती हुई जवानीमें चटक मटककर चलनेवाले ! बता, क्या कभी कोई मनचला भी नियत स्थानपर पहुँचा है ?

तू अपनी उभरती हुई जवानीके धोखेमें न आ; क्योंकि कई नवयुवक अपनी युवावस्थामें ही परलोक सिधार गये हैं ।

यदि किसी मनुष्यके आचार-विचार शुद्ध हों तो परमात्मा उसके पापोंको क्षमा कर देगा ।

जब तक बस चले, नेकी कर, क्योंकि मनुष्यमें सदैव नेकी करनेकी शक्ति नहीं रहा करती ।

उद्यानकी सुगन्धि कलियोंसे हुआ करती है; और भद्र पुरुषकी प्रतिष्ठा न्याय और नेकीके कारण होती है ।

—कबुल-कनहिल-तुर्की ।

आदर्श जीवन ।

प्रत्येक पुण्यात्मा जो आगन्तुकोंके साथ सद्व्यवहार करता है, निन्दासे वंचित रहता है; और साथ ही सत्पुरुषोंके बीचमें ऐसा यश प्राप्त कर लेता है जो कि अमिट होता है ।

हे प्रिये ! मैं तेरी सौगन्द खाकर कहता हूँ कि कोई स्थान स्वयं ही लोगोंकी रुचिके प्रतिकूल नहीं हुआ करता; बल्कि उस स्थानके निवासियोंके आचार-विचार लोगोंको असन्तुष्ट कर दिया करते हैं ।

हे प्रिये ! तू मुझको धन खर्च करनेसे मत रोक; क्योंकि कंजूसी मनुष्यके सद्गुणोंको चुरानेवाली है ।

हे प्राणेश्वरि ! तू मुझे इच्छानुसार खर्च करने दे, और

आदर्श नीति ।

सदाचारी विद्वान! तू प्रसन्न हो, क्योंकि तू बिना जलके गृह हरा भरा है ।

हे अल्पज्ञ! यद्यपि तू लहर मारनेवाले जलमें है, तथापि तू प्यासा ही रहेगा ।

जिन शुभ बातोंका तू अभिलाषी है, उनके हेतु आलस्यको त्याग दे । क्योंकि आलसी शुभ वस्तुओंकी प्राप्तिमें सफली भूत नहीं हो सकता । *

अपनी मर्य्यादा तू बनाये रख और उसका वस्त्र न फाड़ क्योंकि केवल भद्र पुरुषही अपनी मर्य्यादामें बट्टा नहीं लगने देता ।

समस्त लोगोंको एक जैसे स्वभावका मत समझ लो; क्योंकि उनकी प्रकृतियाँ इतने प्रकारकी हैं जिनकी तुम गणना नहीं कर सकते ।

लोग उस मनुष्यके भाई हैं जो अपने धनके बलसे सम्मान पाये हुए हैं । परन्तु जब वह धन जाता रहता है, तब वे उसके विरोधी बन जाते हैं ।

---

* "उद्यमेनैव सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः । नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रवि-शन्ति मुखे मृगाः ।"

उद्योगसे ही कार्य्य सिद्ध होते हैं न कि मनोरथोंसे । सोये हुए शेरके मुँहमें हिरन नहीं घुसते ।

"न लभन्ते विनोद्योगं सम्पदां पदं । सुराःक्षीरोद विक्षोभमनुभूयामृतं पपुः ॥"

उद्योगके बिना जीव संपत्तिकी पदवी नहीं पाते । देवताओंने भी क्षीरसागर मथनका अनुभव करके अमृत पिया था ।

उभरती हुई जवानीमें चटक मटककर चलनेवाले ! बता, क्या कभी कोई मतवाला भी नियत स्थानपर पहुँचा है ?

तू अपनी उभरती हुई जवानीके धोखेमें न आ; क्योंकि कई नवयुवक अपनी युवावस्थामें ही परलोक सिधार गये हैं।

यदि किसी मनुष्यके आचार-विचार शुद्ध हों तो परमात्मा उसके पापोंको क्षमा कर देगा।

जब तक बस चले, नेकी कर; क्योंकि मनुष्यमें सदैव नेकी करनेकी शक्ति नहीं रहा करती।

उद्यानकी सुगन्धि कलियोंसे हुआ करती है; और भद्र पुरुषकी प्रतिष्ठा न्याय और नेकीके कारण होती है।

—कदूस-कनदिन-मुग्नी।

आदर्श जीवन।

प्रत्येक पुण्यात्मा जो आगन्तुकोंके साथ सद्व्यवहार करता है, निन्दासे वंचित रहता है; और साथ ही सत्पुरुषोंके बीचमें ऐसा यश प्राप्त कर लेता है जो कि अमिट होता है।

हे प्रिये ! मैं तेरी सौगन्द खाकर कहता हूँ कि कोई स्थान स्वय ही लोगोंकी रुचिके प्रतिकूल नहीं हुआ करता, बल्कि उस स्थानके निवासियोंके आचार-विचार लोगोंको असन्तुष्ट कर दिया करते हैं।

हे प्रिये ! तू मुझको धन खर्च करनेसे मत रोक; क्योंकि कंजूसी मनुष्यके सद्गुणोंको छुपानेवाली है।

हे प्राणप्यारी ! तू मुझे इच्छानुसार खर्च करने दे, और

आदर्श नीति।

सदाचारी विद्वान! तू प्रसन्न हो, क्योंकि तू बिना अटके
हो गए हरा भरा है।

हे अल्पज्ञ! यद्यपि तू लहर मारनेवाले जलमें है, तथापि
तू प्यासा ही रहेगा।

जिन शुभ बातोंका तू अभिलाषी है, उनके हेतु आलस्यको
त्याग दे। क्योंकि आलसी शुभ वस्तुओंकी प्राप्तिमें सफली
भूत नहीं हो सकता। ❀

अपनी मर्य्यादा तू बनाये रख और उसका वस्त्र न फा
क्योंकि केवल भद्र पुरुषही अपनी मर्य्यादामें बट्टा न
लगने देता।

समस्त लोगोंको एक जैसे स्वभावका मत समझ लो;
क्योंकि उनकी प्रकृतियाँ इतने प्रकारकी हैं जिनकी तुम
गणना नहीं कर सकते।

लोग उस मनुष्यके भाई हैं जो अपने धनके बलसे सम्मान
पाये हुए हैं। परन्तु जब वह धन जाता रहता है, तब वे
उसके विरोधी बन जाते हैं।

❀ "उद्यमेनैव सिद्ध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः। नहि सुप्तस्य सिंहस्य प्रवि-
शन्ति मुखे मृगाः।"
उद्योगसे ही कार्य्य सिद्ध होते हैं न कि मनोरथोंसे। सोये हुए शेरके मुँहमें
हिरन नहीं घुसते।
"न लभन्ते विनोद्योग संपदा पद। सुराःक्षीरोद विक्षोभम-
उद्योगके बिना जीव संपत्तिकी पदवी नहीं पाते। देवता
का अनुभव करके अमृत पिया था।

यात्रासे लाभ ।

हे संसारके लोगो ! तुम यात्रार्थ घरसे निकलो । जो कुछ
.म छोड़कर जाओगे, उसका बदला मिल जायगा। तुम भ्रमण
करो, क्योंकि जीवनका स्वाद निस्सन्देह कष्ट उठानेमें ही है ।

विवेकी और पण्डितके लिये कोई स्थान दुःखदायी
नहीं हुआ करता । अस्तु, गृह त्यागकर भ्रमणार्थ विदेशकी
राह लो । •

निस्सन्देह मैं देखता हूँ कि एक ही स्थान पर टहरे रहनेके
कारण पानी गँदला हो जाता है, और यदि बहता रहता
है तो स्वच्छ रहता है, नहीं तो स्वच्छ नहीं रहता । †

चन्द्रमा यदि एक स्थानको छोड़कर दूसरे स्थानपर न
जाय, तो कभी यह नौबत नहीं आ सकती कि लोग उसके
दर्शनकी प्रतीक्षा करें ।

सिंह जब तक अपना वन नहीं छोड़ता तबतक शिकार
नहीं कर सकता। और तीर जबतक धनुषको छोड़कर पृथक नहीं
होता तबतक निशानेपर नहीं लगता ।

सोना खदानोंमें मिट्टीके समान पड़ा रहता है और लकड़ी
वृक्षमें रहते हुए भी लकड़ी ही रहती है ।

यह सब जब अपने स्थानको त्याग देते हैं तभी उच्च
आसन प्राप्त करते हैं; और यदि अपने स्थानमें ही रहें तो कभी
आदरणीय पद प्राप्त नहीं कर सकते । —एक कवि

• विद्वान् सर्वत्र पूज्यते ।

† पानी बगदे रगदे सारे रहंदे । —[illegible]

मेरी इच्छाके अनुकूल ही तू भी हो जा; क्योंकि मैं इस बातसे डरता हूँ कि कंजूसीके कारण कहीं मेरे सद्गुणोंको कुछ धक्का न पहुँचे ।

तू मुझे मत रोक, क्योंकि मैं उत्तम कार्य्य किया करता हूँ और सांसारिक आपत्तियों तथा लोगोंके दायित्वके निमित्त सदैव चिन्तित रहा करता हूँ ।

—अमर बिन-अहम

देश-त्याग ।

जब कि तू किसी जगहसे तंग आ जाय तो उसे छोड़कर किसी अन्य स्थानकी राह ले ।

ईश्वरकी रची हुई भूमि लम्बी चौड़ी है । फिर तो यह बड़े आश्चर्यकी बात है कि ऐसा होने पर भी कोई मनुष्य अपमानजनक भूमिमें रहे ।

वह मनुष्य तो बिलकुल ही गिरा हुआ तथा निर्बुद्धि है जो यह नहीं जानता कि मुझपर कैसी चक्की चल रही है ।

यदि तुझे अत्याचारका भय हो तो उस अवसरपर अपनी आत्माकी भलाईका अभिलाषी हो । और घर बनानेवालेको घरके क्षयका समाचार सुनाकर त्याग दे ।

निस्सन्देह तुझको एक स्थानके बदले दूसरा स्थान मिल जायगा । किन्तु तुझको इस आत्माके बदले अन्य आत्मा न मिल सकेगी ।

—तक री ।

सदैव सुन्दर वस्तुके ढूँढ़नेमें रहती है । अतः विद्वानकी ऐसा सदाचारके कारण हुआ करती है ।

यदि कोई मनुष्य किसी ऐसे मनुष्यके साथ भलाई करता है, जो उसकी भलाईका अनुभव नहीं करता, तो वह भलाई करनेवाला ऐसे मनुष्यके समान है, जो अन्धोंके घरोंमें दीपक जलाता है ।

जिस मनुष्यका पद सूर्यके स्थानसे भी ऊपर हो, उसको न तो कोई वस्तु घटाही सकती है और न बढ़ाही सकती है ।

यदि तुमसे कोई खल मेरी निन्दा करे, तो वास्तवमें वह इस बातका साक्षी हो रहा है कि मैं श्रेष्ठ हूँ, क्योंकि खल तो सदैव भद्र पुरुषोंकी निन्दा किया ही करते हैं ।

मिस मिस कवि

ज्ञान-गेह ।

जब तुझपर कोई आपत्ति आवे तो धैर्य धर; क्योंकि मनुष्यके लिये सुख और दुःख दोनोंका होना आवश्यक है ।

मैं किसी मनुष्यसे मैत्री करनेसे पहले उसके स्वभावसे मित्रता करता हूँ और उसके कार्यों और विचारोंको परख लेता हूँ ।

जब कि तूने किसीपर अत्याचार किया हो, तो उसके द्रोहसे बचे । क्योंकि जो मनुष्य काँटे बोता है वह अँगूर नहीं काटा करता । *

अपनी सौगन्द, जबानी मित्रतासे कुछ लाभ नहीं है, जबतक कि मित्रताकी जड़ हृदयमें न हो ।

---

* बोए पेड़ बबूलके आम कहाँसे खाय ।

विदेश-गमन।

...चित यह है कि कुटुम्बियों और देशवासियोंका प्रेम ... आनन्दमय जीवनके सुखसे न रोके।* जिस स्थानमें तू सफर करते समय ठहरेगा, वहीं स्थानमें ...से कुटुम्बियोंके बदले कुटुम्बी और पड़ोसियोंके बदले पड़ोसी ...ल जायँगे।

—एक कवि।

नीति-भाण्डार।

विद्या नीचको उच्च शिखरपर चढ़ा देती है; और अविद्या मनुष्यको पछाड़ डालती है।

ईश्वर आपदाओंकी हर तरहसे भलाई करे; क्योंकि इन्हींकी बदौलत हमने अपने शत्रुओं तथा मित्रोंको परख लिया है।

जिसकी ओरसे अभिवादनकी आशा भी न थी, वह भी आज अभिवादन करता है। और यदि धन न होता, तो कोई मनुष्य अभिवादन न करता।

बहुतसे लोग ऐसे हैं जो मर गये, किन्तु उनके गुण नहीं मरे। और बहुतसे लोग ऐसे हैं जो कि जीवित हैं, किन्तु सर्व साधारणकी दृष्टिमें मृतक हैं।

प्रत्येक रोगके लिये औषध है, जिससे कि उसका इलाज हो जाता है। किन्तु अज्ञानता अपने दवा करनेवालेको परेशान कर देती है।

---

* कविने विदेश-य... आनन्दमय ... का साधन बतलाया है। ... और एक ... है— ... है। —अनु...

प्रत्येक सुन्दर वस्तुसे ईर्ष्या होती है। अतः विद्वानको ईर्ष्या सद्व्यवहारके कारण हुआ करती है।

यदि कोई मनुष्य किसी ऐसे मनुष्यके साथ भलाई करता है, जो उसकी भलाईका अनुभव नहीं करता, तो वह भलाई करनेवाला ऐसे मनुष्यके समान है, जो अन्धोंके घरोंमें दीपक जलाता है।

जिस मनुष्यका पद सूर्यके स्थानसे भी ऊपर हो, उसको न तो कोई वस्तु घटाही सकती है और न बढ़ाही सकती है।

यदि तुमसे कोई खल मेरी निन्दा करे, तो वास्तवमें वह इस बातका साक्षी हो रहा है कि मैं श्रेष्ठ हूं, क्योंकि खल तो सदैव भद्र पुरुषोंकी निन्दा किया ही करते हैं।

मिस मिल कवि

ज्ञान-गेह।

जब तुझपर कोई आपत्ति आवे तो धैर्य्य धर; क्योंकि मनुष्यके लिये सुख और दुःख दोनोंका होना आवश्यक है।

मैं किसी मनुष्यसे मैत्री करनेसे पहले उसके स्वभावसे मित्रता करता हूँ और उसके कार्य्यों और विचारोंको परख लेता हूँ।

जब कि तूने किसीपर अत्याचार किया हो, तो उसके द्रोहसे बचे। क्योंकि जो मनुष्य काँटे बोता है वह अँगूर नहीं काटा करता। *

अपनी सौगन्द, ज़बानी मित्रतासे कुछ लाभ नहीं है, जबतक कि मित्रताकी जड़ हृदयमें न हो।

---

* बोए पेड़ बबूलके आम कहाँसे खाय।

विदेश-गमन।

उचित यह है कि कुटुम्बियां और देशवासियोंका प्रेम, तुझे आनन्दमय जीवनके सुखसे न रोके। *

जिस स्थानमें तू सफर करते समय ठहरेगा, उसी स्थानमें तुझे कुटुम्बियोंके बदले कुटुम्बी और पड़ोसियोंके बदले पड़ोस मिल जायँगे।

—एक कवि

नीति-भाण्डार।

विद्या नीचको उच्च शिखरपर चढ़ा देती है; और अविद्या मनुष्यको पछाड़ डालती है।

ईश्वर आपदाओंकी हर तरहसे भलाई करे; क्योंकि इन्हीं की बदौलत हमने अपने शत्रुओं तथा मित्रोंको परख लिया है।

जिसकी ओरसे अभिवादनकी आशा भी न थी, वह आज अभिवादन करता है। और यदि धन न होता, तो मनुष्य अभिवादन न करता।

बहुतसे लोग ऐसे हैं जो मर गये, किन्तु उनके गुण न मरे। और बहुतसे लोग ऐसे हैं जो कि जीवित हैं, किन्तु सर्व साधारणकी दृष्टिमें मृतक हैं।

प्रत्येक रोगके लिये औषध है, जिससे कि उसका इलाज हो जाता है। किन्तु अज्ञानता अपने दवा करनेवालेको परेशान कर देती है।

—अनु०

* कविने विदेश ... बतलाया है।
और एक

[illegible] है। [illegible]

[illegible] ऐसा नहीं पड़ा [illegible] जैसा कि [illegible] पर पड़ा करता है —[illegible]

चेतावनी।

मेरी श्रेष्ठता इसी कारण है कि तू समाजमें एक भीषण गरज छोड़ जा, जिसकी ऐसी गूंज हो जैसी गूंज कानमें ठेंगली देनेसे पैदा होती है।

यदि मेरी श्रेष्ठता मुझे किसी अधमको धन्यवाद देनेसे न बचा सके, तो वास्तवमें श्रेष्ठता उसके निमित्त हो जायगी, जिसको कि तू धन्यवाद देता है।

जो मनुष्य दरिद्रतासे भयभीत होकर सदैव धनोपार्जनमें लगा रहता है, उसका यह काम स्वयमेव दरिद्रता है।

अत्याचारियोंको दूर करनेके निमित्त हमें उचित यह है कि हम बड़े बड़े घोड़ोंका प्रबन्ध करें जिनपर कि नवयुवक सवार हों। और उनमेंसे प्रत्येकका हृदय अत्याचारीके वैमनस्य से भरा हुआ हो।

फिर उनका हाल यह हो कि उनमेंसे प्रत्येक नवयुवक अपने बरछोंकी अनीसे अत्याचारियोंको उस क्षेत्रमें मृत्युका प्याला पिलाता हो, जिसमें मदिराकी इच्छा ही नहीं की जाती।

—मुतनब्बी।

1380

दोषरहित मित्रका पाया जाना अति कठिन है। अत मित्रोंके दोषोंका वर्णन करना नीचता है।

मैं ऐसे समयमें हूँ जिसमें श्रीपतिको उच्च समझा जाता है, उसका सम्मान करना परम धर्म्म समझा जाता है और निर्धनको तुच्छ माना जाता है।

मेरे सारे सहयोगियोंमेंसे एक भी अनुभवी नहीं है और न मैं ही अनुभवी हूँ। बस इस सूत्रकी व्याख्या मुझसे न पूछो।

—इब्न-उल-वर्दी।

✓ कालने अब मुझको रुलाया। परन्तु मुझको असंख्य बार कालने मनभावनी वस्तुओंके साथ हँसाया है।

—दिवान-बिन-मुबारक।

---

* इसका ठीक उल्टा भाव है—I would rather break tha[n bend.] ... झुकना पसन्द नहीं करूँगा, बल्कि टूट जाऊँगा।

निर्वेद ।

मुझसे लोग कहते हैं कि तुम कुछ विरक्तसे मालूम होते हो। पर सच तो यह है कि अपमानयुक्त स्थानसे पीछे रहनेके कारण ही मैं लोगोंकी दृष्टिमें कुछ विचित्रसा मालूम होता हूँ ।

मैं संसारके मनुष्योंमें यह बात पाता हूँ कि जो उनके निकट होता जाता है, वह तुच्छ हो जाता है; और जो अपना मान आप करता है, वह प्रतिष्ठाका भागी ठहरता है ।

यदि धनिकसे लालचके स्थानमें मैं विद्याकी सीढ़ी चना कर पहुँचा करूँ, तो वास्तवमें विद्याके दायित्वकी मैंने शर्म ही नहीं की ।

निस्सन्देह कौन्दनेवाली प्रत्येक विद्युत् मुझे लाभ नहीं पहुँचाती । मैं प्रत्येक मिलनेवालेका कृपापात्र बनना नहीं चाहता ।

जब कि मुझसे किसीके विषयमें कहा जाता है कि वह दानका स्रोत है, तो मैं हाँमें हाँ मिला देता हूँ । पर कुलीन की आत्मा प्यासको सहन करती है ।

जो वास्तवमें कुछ अनुचित नहीं है, मैं उसमें भी अपने आपको बचाये रखता हूँ, जिसमें मेरे शत्रुओंको यह कहनेका अवसर न मिले कि तुमने क्यों ऐसा किया ।

मैंने विद्याकी सेवामें इसलिये जान नहीं खपाई कि जो मिल जाय, उसीका दास बन जाऊँ, बल्कि इसलिये कि लोग मेरी सेवा किया करें ।

क्या मैं विद्याका पौधा लगानेके लिये (अर्थात् विद्या प्राप्तिके लिये) तो असीम कष्ट उठाऊँ और फिर उससे अपम... का फल चुनूँ ? इससे तो मूढ़ताकी ही अधीनतामें रहना ब... गुरु पिद्वता है।

यदि विद्वान लोग विद्याको अपमानसे सुरक्षित रखते... विद्या भी उन्हें अपमानसे सुरक्षित रखती; और विद्वान् लो... यदि लोगोंके हृदयोंमें विद्याका सिक्का बैठाते, तो विद्या भी... विद्वानोंका सिक्का जमा देती।

परन्तु उन्होंने उसका अपमान किया और उसके सुन्दर स्वरूपको लालचमे कुरूप कर दिया; यहाँ तक कि विद्याकी सूरत भोंडीसी हो गई।

—एक कवि।

इस संसारमें कोई ऐसा नहीं है जिससे भलाईकी आशा रक्खी जाय; और न कोई मित्रही ऐसा है जो उस समयमें साथ दे जब कि कालचक्र धोखा दे बैठता है।

सो अकेले ही जीवन व्यतीत कर और किसी पर भरोसा न कर। मेरा इतनाही कथन पर्य्याप्त है।

जो मनुष्य ईश्वरसे डरता है, उसके कार्योंका प्रकाश हुआ करता है और ईश्वर उसे प्रत्येक बुराईसे बचाता।

जिसको भाई और मित्र छोड़ दें, उसे चाहिये कि विवेकको ही मित्र बना ले।

तू ऐसे सब कुलोत्पन्न और बुद्धिमान् पुरुषसे, ज... भीतर एक समान हो, सदैव सम्मति लिया कर।

प्रत्येक कार्यके लिये समय नियत है और प्रत्येक कार्य की सीमा भी निश्चित है।

जिसने सारी बातोंमें नम्रतासे काम लिया है, वह न तो किसी कार्यमें लज्जित हुआ और न किसीने उसकी निन्दा की।

सन्तोषी अपनी वृत्तिमें सन्तुष्ट रहता है; किन्तु लालची यदि धनी भी हो जाय तो भी कष्ट ही रहता है। *

जो मनुष्य लोगोंमें शान्तिके साथ रहता है, वह उनकी बुराइयोंसे बचा रहता है और आनन्दपूर्वक जीवन व्यतीत करता है।

---

* (क) संतोषामृततृप्तानां यत्सुखं शान्तचेतसाम्
कुतस्तद्धनलुब्धानामितश्चेतश्च धावताम् ॥

संतोषरूपी अमृतसे तृप्त हुए, शान्त चित्तवालोंको जो सुख होता है, वह इधर उधर दौड़नेवाले धनके लोभियोंको कहाँ!

(ख) जब आवे सन्तोष धन,
सब धन धूरि समान।
—तुलसी।

यदि किसी एक कुलोत्पन्नको कोई स्थान रुचिकर न हो तो कुछ हर्ज नहीं; क्योंकि उसके लिये भूमंडल पर और अनेक स्थान हैं।

आनन्दको चिरस्थायी और सदैव रहनेवाला मत समझ, क्योंकि इस काल-चक्रमें एक बार जो प्रसन्न किया जाता है, वह अनेक बार कष्टमें डाला जाता है।*

मनुष्य कर्त्तव्य-मुक्ती।

वैराग्य-रत्नाकर।

अपने मनको बुरी बातोंसे बचा और उसे ऐसी बातोंके लिये उत्तेजित कर, जिनमें उसकी शोभा बढ़े। ऐसी दशामें तेरा जीवन आनन्दमय होगा और लोग तेरी प्रशंसा करेंगे।

लोगोंको अपनी बाहरी हालतके सिवा और कुछ न दिखा। चाहे समय तेरे अनुकूल न हो, अथवा कोई मित्रही क्यों न तुझपर अत्याचार कर रहा हो।

यदि आजकी वृत्ति तुझ पर कठिन हो, तो सन्तोष कर। आशा है कि समयका फेर कल तक जाता रहेगा।

---

* (क) नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण।

—कालिदास।

अर्थात्—चक्रके धुरेकी भाँति दशा ऊपर नीचे होती रहती है।

(ख) चक्रवत् परिवर्त्तन्ते दुःखानि सुखानि च।

अर्थात्—दुःख और सुख चक्रके समान घूमते रहते हैं।

धनसे धनीके पास द्रव्य होता है; पर उसको वह पद नहीं प्राप्त होता जो कि हृदयके धनीको होता है, चाहे उसके पास कम ही धन क्यों न हो।

उस मनुष्यकी मिताईसे कुछ भी लाभ नहीं जिसका चित्त चलायमान है, और जिधरकी वायु होती हो उधर ही झुक जाता है।

जब तक तेरे पास सम्पत्ति है, तबतक खल मित्र तेरे प्रति बड़ी उदारता प्रकट करेगा। पर निर्धनताके समय वह तेरे निमित्त कंजूस हो जायगा।

धनके समय तो तेरे बहुतसे भाई निकल आते हैं, पर आपदाओंके अवसर पर उनकी संख्या बहुत कम हो जाता है।

—हजरत अली।

आत्म-सुधार।

जो मनुष्य अधिक बोलता है, उसकी क्रियाओंमें अवश्य-म्व त्रुटि होती है; और मनुष्यका वचन कभी उसीको ठोकर खिलाता है। *

मनुष्यकी जिह्वा छोटी होती है, परन्तु वह बड़े बड़े दोष कर ठती है। ऐसा ही अनेक कहावतोंमे कहा गया है। †

---

* आत्मनो मुखदोषेण बध्यन्ते शुकसारिकाः।
बकास्तत्र न बध्यन्ते मौनं सर्वार्थसाधनम्॥
अर्थ—अपने मुखके दोषसे तोते और मैना कैद किये जाते हैं। बगलोंको कोई ...में नहीं डालता। मौन सब कामोंका साधन है।

† बातों हाथी पाइयाँ बातों पाँव।

अनेक बार ऐसा हुआ है कि मनुष्यको उस बात पर लज्जित होना पड़ा है जिसको उसने कहा है; किन्तु उस बात पर कभी लज्जित ही नहीं होना पड़ा जिसको कि उसने कहा ही नहीं। *

कठिन कार्य्योंमेंसे अत्यन्त कठिन यह कार्य है जिसमें तेरा कोई सहायक अथवा सन्मार्गका दिखलानेवाला न हो।

तुच्छ मनुष्य जो बात तुझसे कहे, उसे तुच्छ मत जान; क्योंकि मधुमक्खी एक मक्खी ही है, परन्तु मधुकी स्वामिनी है। †

मतलबी आदमीको उसके मतलबकी पूर्तिसे पहले ही परख ले, जिसमें उसकी मित्रतासे धोखा न खाना पड़े।

यदि शत्रु किसी मजबूरीके कारण मित्रता पर राजी है,

---

* फलेविसंवादमुपागता गिरः
प्रयान्ति लोके परिहासवस्तुताम्।

पञ्चतन्त्र।

अर्थ—वह बातियाँ जो अपने फलमें विरुद्ध होती हैं, लोकमें परिहासका कारण हैं।

† (क) तृणेन कार्यं भवतीश्वराणां
किमङ्ग वाग्हस्तवता नरेण।

हितोपदेश।

अर्थ—तिनकेसे भी बड़ोंको काम पड़ता है, जीभ और हाथवाले मनुष्यका क्या कहना है।

(ख) कूपोदकं स्वादुजलः प्रीतये लोकस्य न समुद्रः।

पञ्चतन्त्र।

अर्थ—मीठे जलवाला कूआँ लोकप्रिय है, समुद्र नहीं।

तो उस मजबूरीके दूर हो जाने पर उसकी शत्रुता फिर लौट आवेगी। *

जिस आपदामें किसी उद्योगसे काम न निकल सकता हो, उसमें घबराना न चाहिए। यदि किसी ढंगसे काम निकल सकता हो तो उसे प्रयोगमें लानेसे चूकना भी न चाहिए। †

प्राप्तिके पश्चात् जो वस्तु जाती रहे, उससे भी न घबरा, और न उसके लिये ही प्रलाप कर जो हाथमें आनेसे पहले ही जाती रही हो।

मनुष्यका नियत समय जब समाप्त हो चुकता है, तब उसकी सारी सम्पत्ति उसके किसी काम नहीं आती। ‡

स्वतन्त्रताका भङ्ग हो जाना अथवा प्रिय वस्तुका नष्ट हो जाना, ये घटनाएँ ऐसी हैं कि इन्हींसे तुझे सबसे अधिक भयभीत रहना चाहिए।

---

* (क) शत्रुणा नहि सदध्यात् सुश्लिष्टेनापि सन्धिना।
अर्थ—शत्रुके साथ दृढ़ संधिसे भी न मिले।
(ख) कारणान्मित्रतामेति कारणादेति शत्रुताम्
भाव—क्योंकि वह कारणसे मित्रता और शत्रुता ठानता है।

† (क) त्याज्यं न धैर्यं विधुरेऽपि दैवे।
अर्थ—भाग्यके विरोधी होने पर भी धीरज न छोड़ना चाहिए।
(ख) येन केनाप्युपायेन शुभेनाप्यशुभेन वा उद्धरेद्दीनमात्मानम्।
अर्थ—किसी भी शुभ या अशुभ उपायसे अपने आपको संकटसे निकाले।

‡ (क) संमीलने नयनयोर्नहि किंचिदस्ति। मोह मुद्गर,
अर्थ—आँखोंके मिच जाने पर कुछ भी नहीं है।
(ख) मूंदहु आँख कतहुँ कोउ नाहीं।

अन्य लोगोंके ठोकर खानेपर कृपा न भूला और न दूसरोंकी हँसी हो सदा: बल्कि कालके चक्रोंमें डरता रह।*

वह वस्तु सबसे अधिक दृढ़ होनेके योग्य है जिसके विरुद्ध काल साक्षी है।

मनुष्यका मूल्य वह है जो उसे श्रेष्ठ बनावे। अतः प्रत्येक मनुष्यको चाहिए कि वह शुभ कार्य करे और अपने लिये ऐसी वस्तुओंका अभिलाषी हो जिनके सहारे उच्च पद प्राप्त कर सके।

यह बात असम्भव नहीं कि किसी रोगका औषध न मिले, परन्तु दरिद्रताके साथ यदि आलस्य भी हो जाय, तो ऐसे रोगके औषधकी सम्भावना ही नहीं है।†

तू अपनी मृत्युके पश्चात् अपने धनका वारिस चाहे शत्रु-

---

* आपद्गत हससि रे द्रविणोऽसि मूढ
लक्ष्मी स्थिरानवति कस्यवरो विधातु ।
एतान्न पश्यसि घटीर्जलयन्त्रचक्रे
रिक्ता भवन्ति भरिता भरिताश्च रिक्ता ॥

भावार्थ—आपदामें फँसे हुए किसी पर, हे मूर्ख, तू हँसता है! क्या रहट परकी घरियोंसे भर जाने और खाली होनेवाली हँड़ियोंको नहीं देखता ?

† (क) सर्वस्यौषधमस्ति शास्त्रविहितम् ।
भर्तृहरिः।

अर्थ—सब रोगोंकी दवा शास्त्रमें मिल जाती है।

(ख) आलस्यहि मनुष्याणां शरीरस्थो महारिपुः ।
वृद्धचाणक्य।

अर्थ—आलस्य मनुष्योंका बड़ा भारी शत्रु है।

को ही बनाये, किन्तु तू धनसञ्चय कर और अपने जीते
खाने-पीनेमें अपने भाइयोंके अधीन न हो।*

सच्चा दान वह है जिसे तू न तो किसीके बदलेमें दे
और न बादमें उसके बदलेकी प्रतीक्षा ही करनेवाला बने।†

नीचसे कोई बात पूछोगे तो वह संकोच करेगा; यहाँ तक
कि पूछनेवालेकी जबान भी बन्द हो जायगी।

तेरी परखी हुई बातोंमें सबसे अधिक खरी बात वह
जिसके द्वारा तू बेबसी और निखद्दूपनमें पड़नेसे बच सके

बुद्धिमान् उन मनोरंजक बातोंको भी छोड़ देते हैं जिन
बुरी बातोंमें फँस जानेका भय होता है।

जिस मनुष्यकी तू उसके सन्मुख खूब दिल खोलक
प्रशंसा करता है, पीछे उसकी बुराई करनेसे लज्जा कर; औ
उस मनुष्यकी प्रशंसासे भी लज्जा कर जिसके चले जाने
पश्चात् तू बकरी बन जाता हो।

कुलीन उसीसे मुठभेड़ करता है जो उसकी टक्कर
हो। पर नीच अपनेसे भी नीचपर ही हाथ बढ़ाता है।‡

---

* न बन्धुमध्ये धनहीनजीवितम्। चाणक्य।

बन्धुओंमें धनहीन होकर रहना बहुत बुरा है।

† तद्दानं सात्विकं स्मृतम्। गीता।

अर्थात् वस्तुतः निष्काम दान ही दान है।

‡ (क) यद्यपि रटति सरोषं मृगपतिपुरतोऽपि मत्तगोमायुः।
तदपि न कुरुते सिंहोऽल्पसत्त्वेषु कः कोपः॥

वास्तवमें वह बड़ा भारी त्यागी है जो अपने अपराधीको अपने काबूमें पा जाय और उसको दण्ड देनेकी भी शक्ति रखता हो, पर उसको उदारताके साथ छोड़ दे।*

मनुष्यका उत्तम धन वह है जिसके सहारे वह अपनी मर्यादा सुरक्षित रक्खे और शुभ कार्योंमें उसे खर्च करे।

सब नेकियोंमेंसे सर्वश्रेष्ठ नेकी वह है जिसके बाद उपकार न जताया जाय और न जिसके करनेमें किसी प्रकार का विलम्बही किया गया हो।†

उन जड़ी-बूटियोंके भरोसेपर, जो भली भाँति परखी हुई हैं, कदापि विष न पी।

अर्थ—चाहे पागल गीदड़ सिंहके सामने आकर जोरसे भौंके पर सिंहको क्रोध नहीं आता। जो अपने जैसे नहीं, उन पर क्रोध क्या?

(ख) दोहा—कीजे आप समाननसों, बैर प्रीति व्यवहार।
कबहुँ न कीजे नीचसों चरचा कथा विचार॥

*(क) ज्ञानस्य भूषणं क्षमा
क्षमा ज्ञानका अलंकार है।

(ख) शक्तानां भूषणं क्षमा
शक्तोंका क्षमा भूषण है।

†(क) जो उपकार करके जताने लगा।
वह अपने विवेकको खिसाने लगा
गतेषु वत्सरेष्वपि बोद्धव्य
[illegible] सहने वा।

[illegible] देखना हुआ उसके देनेमें **

अपने भाइयों और मित्रोंके साथ सप्रेम मिल, चा
न्होंने तुमसे नाताही तोड़ लिया हो।

सब बातों और कार्योंका एक अन्त अवश्य होता है।
रां तू कोई कार्य ऐसा न कर जिसके कारण कोई मनुष्य
तुमसे बदला लेनेकी ठाने और तुमपर अकस्मात् कुछ
आपत्ति आ जाय।

सारे संसारमें सबसे अधिक विवेकभ्रष्ट वह मनुष्य है
जो लोगोंकी निन्दामें दत्तचित्त रहता है—जैसे मक्खी रुग्ण
स्थानोंको ही ताड़ा करती है। *

सीधे होनेमें चाहे तू बाणके समानही हो, तथापि लो
यही कहेंगे कि यह सीधा है ही नहीं।

जिस मनुष्यने एक ऐसे मनुष्य पर अनेक बार अत्
चार किया है, जिसका ईश्वरके सिवा कोई और सहायक ही
नहीं है, चाहिए कि वह अत्याचारी सचेत रहे और अपने
अत्याचारका फल शीघ्र न पानेसे भ्रममें न पड़ जाय।†

—इस्माईल-इब्न-अबीबकर।

* न विना परिवादेन रमते दुर्जनो जनः।
काकः सर्वरसान् भुक्त्वा विना मेध्यं न तृप्यति॥ —महाभारत।
अर्थात्—दुर्जनोंको निन्दामें ही आनन्द आता है, सारे रसोंको चखकर कौ
गन्दगीमें ही तृप्त होता है।

... आत्मस्य नाश कुलः। भर्तृहरि।
... नहीं रहती।

तू कुछ दिनों बाद अवश्य मर जायगा। फिर परमात्मा और तेरे अत्याचारीका ठीक ठीक न्याय चुकावेगा; यहाँ कि उसमें तनिक भी त्रुटि न होगी।

सफल जीवनके मूल मंत्र।

अपने जीवन-कालमें ही अपनी आत्माके लिये मार्ग-व्यय भेज; क्योंकि तू थोड़े ही कालके बाद इस जीवनको छोड़-अपनी राह लेगा।

मृत्युके लिये तैयारी कर, क्योंकि मृत्युका मार्ग सांसा- मार्गोंसे अधिक कठिन है।

ईश्वरसे भय करने और बुरी बातोंसे बचनेको अपना -व्यय बना, क्योंकि तेरी मृत्यु अति शीघ्र आनेवाली है।

अपनी वृत्ति पर सन्तोष कर; क्योंकि सन्तोष ही अमीरी। और जो सन्तोष नहीं किया करता, दरिद्रता उसकी मित्र जाती है।

नीचोंकी मित्रतासे बच, क्योंकि वह शुद्ध भाव रखकर त्रता नहीं करते, बल्कि बनावटसे काम लेते हैं।

नीचोंको जबतक कुछ मिलता जुलता रहता है, तबतक मित्र बने रहते हैं। और जब तू उनको कुछ न देगा, उनका विष तेरे लिये घातक हो जायगा।

जो मनुष्य अन्यके गुप्त भेदको तुझ पर प्रकट कर रहा है, उसे अपना भेद न दे; क्योंकि जो कुछ वह यथाशक्ति अन्यके भेदके साथ कर रहा है, वही तेरे भेदके साथ भी करेगा।

किसी समाजमें बिना किसी प्रश्नके मत बोल; क्योंकि ऐसा करना उचित नहीं है।

वास्तवमें चाहे कोई मनुष्य अविवेकी, अज्ञानी तथा निर्बुद्धि ही क्यों न हो, पर चुप रहनेसे वह अच्छा है अनुमान किया जाता है।

हँसी-ठट्ठा छोड़ दे; क्योंकि बहुतसे हँसी-ठट्ठा करनेवाले तेरी ओर ऐसी आपदाएँ ला खड़ी करेंगे जिनको तू दूर नहीं कर सकेगा।

पड़ोसीके स्वत्वको न भूल; क्योंकि जो इस कर्तव्य[illegible]क जाता है, वह उच्च पद नहीं प्राप्त कर सकता।

यदि कोई दोषी अपने दोषके लिये तुमसे क्षमा चाहे, त[illegible]से क्षमा प्रदान करो, क्योंकि इससे बड़े पुण्यके भागी होगे।

जब तुझे कोई गुप्त भेद दिया जाय, तो उसे छिपाये रख और जब तुझ अपने भाइयोंके बुरे कामकी सूचना मिले [illegible] उन्हें भली भाँति ढाँक दे।

कालकी आपदाओंसे व्याकुल न हो; क्योंकि व्याकुल होना मूर्खोंका काम है।

अपने पिताकी शिक्षा पर चल; क्योंकि जो मनुष्य अ[illegible] पिताकी शिक्षा पर चलता है, वह दुःखी नहीं रहता।

—[illegible]

बुढ़ापेका स्वागत।

(क)

जब मैंने बुढ़ापेको देखा और मेरे सरको माँगमें सफेदी प्रकट हो गई, तब मैंने बुढ़ापेके लिये 'स्वागत' कहा।

यदि मुझको यह विश्वास होता कि मेरे स्वागत न करनेसे बुढ़ापा नष्ट हो जायगा, तो मैं बुढ़ापेका स्वागत न करता जिससे वह मुझसे मुँह फेर लेता।

परन्तु कोई बुरी बला जब सिरपर आन पड़े और आत्मा उससे पीड़ित न हो, तो वह बला सुगमताके साथ टल जाती है।

—महिवा-बिन-उयार।

(ख)

बुढ़ापा आया। सो तू अब इसके पश्चात् कहाँ जाता है? तूने सन्मार्गसे मुँह मोड़ा और तेरे जानेका समय आ गया।

जवानीके दिन हलके फुलके थे; और अब बुढ़ापेका बोझ तुझ पर भारी है।

—अल-मुकन्ना-उल-किन्दी।

मैं तो धनी हूँ क्योंकि ईश्वरके सिवा किसी अन्यका दास नहीं हूँ; और वस्तुतः निर्बल हूँ पर उसीके सहारे सबल हूँ।

—एक कवि।

मनुष्य और मृत्यु।

जब कि मनुष्य ऐसा हो कि उसके पास ऊँट न हों जिन-को वह प्रातःकाल चरानेके लिये ले जाय और सायंकाल घर लावे तथा उसके सम्बन्धी भी उसपर कृपालु न हों,

ऐसे निष्क्रिय मनुष्यके लिये अति उत्तम है कि निखट्टू रहने के बदले अथवा कपटी भाईके साथी होनेके स्थानमें मृत्युकी शरण ले।

बहुतसे असीम और अखण्ड जंगल हैं जिनमें अबू-नशाशकी (मेरी) सवारियाँ चक्कर लगाया करती हैं।

मेरी सवारियोंका भ्रमण इस सबबसे है कि प्रभुत्व प्राप्त हो, अथवा उसमें लूटका धन मिले। और संसारके विचित्रताएँ तो असंख्य हैं।

बहुतसे स्त्री-पुरुष मुझसे बहुतसी बातें पूछा करते हैं। भला ग़रीबसे कहाँ कोई पूछता है कि तेरी हालत क्या है?

मैंने ग़रीबीके समान अन्य कोई वस्तु युवकके लिये अधिक दुःखदायी नहीं देखी। और न कोई अन्य बुरी रात्रि उस काली, अँधेरी रातके समान देखी है जिसमें लूट-मार करनेवाला निराश होकर लौट आता है।

तू चाहे ग़रीबीसे दिन काटे और चाहे पुण्यात्मा होकर मरे, पर निस्सन्देह मैं देखता हूँ कि मृत्युसे भागनेवाला कभी उससे नहीं बच सकता।

यदि कोई जीवित मनुष्य (भागनेवाला) मृत्युसे मुक्त हो सकता तो मैं मृत्युसे बच जाता; क्योंकि मेरी सवारियाँ बहुत तेज भागनेवाली हैं।

—अनू-नरातारा।

वैराग्य-कुंज।

मैं अपने शुभ विचारोंको नहीं छिपाया करता, और न ऐसी नौबतही आने देता हूँ कि मेरे शुभ विचार प्रकट होनेके निमित्त दिलमें खलबली पैदा करें।

—एक कवि

यदि तेरे लिये कुछ शुभ कार्य्य हो जाय अथवा तुझे कुछ सुख मिल जाय, तो उसे बहुत समझ, क्योंकि तू अति दीन नाना प्रकारके कष्टोंमें मस्त होगा।

—फादर विल-हम हल

यदि तूने कुछ नहीं बोया, तो अन्य किसी बोनेवालेको जब तू कुछ काटते हुए देखेगा, उस समय तू अपने व्यर्थ समय गँवाने पर लज्जित होगा।

—एक कवि।

तू विद्याकी प्राप्तिके निमित्त अथवा अपनी दशा सुधारनेके हेतु अवश्य लोगोंसे मिला जुला कर; अन्यथा मिलनेसे कुछ लाभ नहीं, क्योंकि मेल-जोलमें स्वयं बदनामही बढ़ती है।

—एक कवि।

घोर दुःखोंसे पीड़ित उदासीन भी यद्यपि कभी कभी हँस पड़ता है, तथापि मैं यदि कभी लोगोंकी देखा-देखी हँस पड़ता हूँ तो अपनी आत्माको एकान्तमें धिक्कारता हूँ।

—इनौर।

जो लोग मुझसे डाह रखते हैं, मैं उनको बुरा-भला नहीं कहता; क्योंकि मुझसे पहले भी गुणवान् मनुष्य हुए हैं और उनसे भी डाह रक्खी गई थी।

—एक कवि।

निस्सन्देह हमसे पहले भी लोग अपने मित्रोंसे पृथक हुए हैं और मृत्युकी ओषधिने प्रत्येक चिकित्सकको थका दिया है।

—मुतनब्बी।

विशाल हृदयवाला मनुष्य जानता है कि दुःखके पश्चात् सुख होता है। अस्तु, जब सुखी होता है, तब वह इस बातको स्मरण रखता है कि यह सुख सदैव रहनेवाला नहीं है।

—कितालबउल-किताबी।

यदि तू अपनी आवश्यकतासे अधिक धन पुण्यार्थ दे, तो कोई बड़ी बात नहीं है। बल्कि प्रशंसनीय बात तो यह है कि तू उसमेंसे कुछ पुण्यार्थ दे, जो कि तेरी आवश्यकताके लिये भी काफ़ी नहीं है।

—मन-मुकन्नमा-बल किन्दी।

जब कि हमने यह जान लिया कि हम सदैव जीवित नहीं रहेंगे, तो हमें पता लग गया कि हमें वियोगका दासत्व शीघ्र ही स्वीकार करना पड़ेगा।

—मुतनब्बी।

जब किसी विवेकीने संसारकी परीक्षा की, तो उसे ज्ञात हुआ कि संसारमें मित्रके रूपमें कैसे कैसे शत्रु हैं।

—फत्हुनिदाम।

मनुष्यको मृत्युके पश्चात् उसी मकानमें निवास करना होगा जिसको कि उसने अपनी मृत्युसे पहले बनाया है।

—हज़रत ईसा।

संसारमें दो वस्तुएँ बहुत ही कम पाई जाती हैं। एक तो *शुद्ध कमाईका धन और दूसरे सत्य-शिक्षक मित्र।*

—अबुल ख़ताब।

कालचक्रकी बदौलत आनन्द तो कभी ही कभी मिला करता है, पर उसकी आपदाएँ प्रायः सदैव बनी रहती हैं।

—इब्न रांविन्दी।

जब कि मैं जानता हूँ कि मेरा जीवन केवल एक क्षण-मात्र है, तो मैं क्या उसको ईश्वरकी स्तुति, प्रार्थना और उपासनामें न लगाऊँ?

—सुलैमान नबी।

मेरे पास कोई ऐसी वस्तु नहीं रही जो एक पैसेमें भी बेची जा सके और मेरी शकल मेरी हालतको दर्शा रही है।

—इब्न मसूद।

प्रकीर्ण ।

अरबी काव्य-दर्शन।

५—प्रकीर्ण।

मेरी आदत।

मेरी जातिके लोग मेरे ऋण लेने पर रुष्ट होते हैं, यद्यपि मेरा ऋण निरसन्देह ऐसे कार्य्योंके लिये होता है जिनसे यश फैलता है।

मैं उधारके जरियेसे अपने उन स्वत्वोंकी सीमाओंको बाँधता हूँ जिनको उन्होंने बिगाड़कर नष्ट कर दिया है और अब बनानेकी शक्ति नहीं रखते।

मेरा उधार अच्छे घोड़के निमित्त है जिसको मैंने घरका परदा बना रखा है और जिसके लिये नौकर भी रख छोड़ा है।

मेरे और मेरे सगे तथा चचेरे भाइयोंके बीचमें जो अन्तर है वह निरसन्देह बहुत बड़ा है।

मेरे भाई यदि मुझे हानि पहुँचाते हैं तो मैं उनको लाभ पहुँचाता हूँ। और चाहे वे मेरी प्रतिष्ठाको भङ्ग करें, तथापि मैं उनका मान करता हूँ।

वे पीठ-पीछे मेरी बुराई करें, परन्तु मैं उनकी बुराई नहीं करता। और यद्यपि वे मेरी दुर्गतिके अभिलाषी हों, तथापि मैं उनकी सुगतिकी ही लालसा रखता हूँ।

मैं पूर्व वैमनस्यको मनमें नहीं लाता; क्योंकि जातिका नेता वह मनुष्य नहीं हुआ करता जो मनमें कपट रखनेवाला हो।

जब कि मुझ पर लक्ष्मीकी कृपा रहती है, तब मेरी सारी सम्पत्ति उनके लिये होती है। और जब मैं द्रव्यहीन हो जाता हूँ, तो उनकी करुणाका पात्र नहीं बना करता।

अतिथि जबतक मेरे गृहमें निवास करता है, तबतक मैं निस्सन्देह उसका दास हूँ। इसके अतिरिक्त किसी अन्य अवसर पर मेरी टेक दासत्वकी नहीं है।

—मल-मुकन्नआ-उल-किन्दी।

सद्व्यवहारकी स्थितिका ही नाम जाति है। अर्थात् जब तक कि किसी जातिमें सद्व्यवहार पाया जाता है, वह जाति क़ायम रहता है। और जब उससे सद्व्यवहार चला जाता है, तो वह जाति भी नष्ट हो जाया करती है।

एक कवि।

बिच्छूका स्वभाव ।

मैंने एक बिच्छूको देखा कि वह एक सख्त पत्थर पर
नी प्रकृतिके अनुसार डंक मार रहा था ।

मैंने उससे कहा—"यह तो सख्त पत्थर है; और तेरा
भाव तो इसके मुक़ाबिलेमें बहुत ज्यादा नर्म है ।"

मेरी बात सुनकर, बिच्छूने कहा:—"तुमने सच कहा ।
न्तु मैं तो इस सख्त पत्थरको जता रहा हूँ कि मैं
न हूँ ।" *

—एक कवि

देश-सेवा ।

"जो मनुष्य पवित्र जीवन व्यतीत करेगा,
वास्तवमें वही देशकी सेवा करेगा । और नाना
प्रकारकी आपदाओंको झेलते हुए भी देशका
भार बँटावेगा ।"

यदि वह मनुष्य बालक हो, तो भी अपनी ओरसे सर-
तोड़ कोशिश करेगा, यहाँ तक कि बड़े बड़े लोगोंकी दृष्टिमें
भी बहुत सम्मानित होगा ।

* फ़ारसीके भी एक विद्वान्का वचन ऐसा ही है —"बिच्छू किसीको बैर-
भावसे डंक नहीं मारता; बल्कि उसका स्वभाव ही ऐसा करनेका होता है ।"
अनुवादक ।

वह अपने बाद सुगन्धित लकड़ीकी शुद्ध सुगन्धके समान अपनी शुद्ध कीर्ति छोड़ जायगा। उसके बाद उसकी पवित्र कीर्तिसे बंसीकी ध्वनिके समान यह बात गूँजा करेगी:—

> "जो मनुष्य पवित्र जीवन व्यतीत करेगा, वास्तवमें वही देशकी सेवा करेगा। और नानाप्रकारकी आपदाओंको झेलते हुए भी देशका भार बँटावेगा।"

यदि वह मनुष्य युवक हो और बेतकी डालीके तुल्य हो, तो भी उच्च पदकी प्राप्तिके निमित्त पवित्र उद्योगसे काम लेगा।

वह उच्च पदकी प्राप्तिके मार्गमें प्रत्येक बुराईसे हाथ रोके रखेगा, और ऐसे स्थानपर पहुँचेगा जहाँ यह गाया जा रहा होगा:—

> "जो मनुष्य पवित्र जीवन व्यतीत करेगा, वास्तवमें वही देशकी सेवा करेगा। और नाना प्रकारकी आपदाओंको झेलते हुए भी देशका भार बँटावेगा।"

— समीन क़ाहिर।

जब कि कड़ी भूख और अनुराग दोनों इकट्ठे हो जाते हैं और किसी दरिद्र पर टूट पड़ते हैं, तो वह मृतप्राय हो जाता है।

—एक कवि।

मेरा हाल।

जब मैं धनवान हो जाता हूं तब निस्सन्देह फूला नहीं समाया करता। उस समय जो कोई मुझसे उधार माँगता है, मैं उसको अपनी शक्तिके अनुसार उधार देता हूं।

कभी कभी मैं द्रव्यहीन हो जाता हूं। यहाँ तक कि मेरी हीनता बहुत बढ़ जाती है। परन्तु अपनी मर्य्यादाको स्थिर रखते ही मैं फिर अमीर हो जाता हूं।

मेरी हीनता इतनी जल्दी आती और चली भी जाती है, कि उस समय मेरा कोई अभिन्नहृदय मित्र उधार अथवा उचित स्वत्व सहित सहायतार्थ नहीं पहुँचा सकता।

एक मात्र मेरा धनी हो जाना निदान ईश्वरकी कृपा है और ऊँटोंके सीनोंको तङ्गोंसे कसकर यात्रा करनेके कारण है।

प्रत्येक पुण्यात्माके हृदय (कालके दिनोंमें) जब संकुचित हो जाते हैं, उस समय भी मैं शुद्ध भाव रखकर ही दान दिया करता हूं।

मैं अपने चचेरे भाईको उस समय महान् संकटसे मुक्त कर देता हूं जब कि वह ऐसा गिर पड़ता है, जैसे ऊँट फिसलावसे गिर पड़ता है।

मै उसको धन देता हूं, उससे प्रेम रखता हूं और उसको सहायता देता हूं, चाहे वह अपने मनमे मेरे लिये छलही क्यों न रखता हो।

मैं चाहता तो उसको ऐसे कठोर वचन कह सकता जो उसकी हड्डी तकको काट सकते थे। परन्तु उससे मेरी शान्ति रोक लेती है।

जब कोई मामला आ पड़ता है तो मैं अपने मनको आदेश देता हूँ। परन्तु संसारमें ऐसे भी मनुष्य हैं जिनको उनके मनका आदेश हुआ करता है; और वे अपने मनको आदेश नहीं किया करते।

जिसको मैं भली भाँति परख लेता हूँ, उससे मुँहदेखी बात नहीं करता और न किसी हालतमें ही कंजूसी करता हूँ।

मैं उदारचित्त और शीलवान हूँ; और कालकी रातोंका चक्र अपने हेर फेरसे मेरी प्रकृतिको नहीं बदलता।

मैं संकटमय आपदाओंको अपने संबंधियोंसे रोकता और उनके कष्टोंका निवारक हूँ। परन्तु जो कोई मुझसे मुँह फेर लेता है, मैं भी उससे मुँह मोड़ लेता हूँ।

मैं अपने समस्त विचारोंको, दृढ़ताके साथ, उन लोगोंके निमित्त पूरा करता हूँ, जो उन विचारोंके सुपात्र होते हैं पर अन्य लोगोंका हाल यह है कि उनके थोड़े विचार भी पूर्ण नहीं होते।

—इब्न दरदुल-हल-असदी

काल-चक्रने मेरे हृदय और तनमें कुछ भी नहीं छोड़ा जिसको कि किसी सुन्दरीकी आँख अपना दास बना ले।

—मुतनब्बी।

कुछ खरी खरी बातें।

जिस मनुष्यको ईश्वर लक्ष्मी दे, पर वह सांसारिक यशकी प्राप्ति तथा परलोकके निमित्त कुछ भी खर्च न करे, तो निस्सन्देह वह बड़ा अधम है।

भाग्यसे ही प्रत्येक दूरकी वस्तु निकट हो जाती है और बन्द कपाट खुल जाता है।

ईश्वरकी सृष्टिमें सबसे अधिक दुःखी पुरुष वह है जिसका साहस तो बढ़ा-चढ़ा हो, पर पल्ले फूटी कौड़ी भी न हो।•

ईश्वरकी सत्ता और उसके अटल सिद्धान्तोंके हेतु जो युक्तियाँ हैं, उनमेंसे एक युक्ति यह भी है कि विद्वान तो दुःखी अवस्थामें है और एक मूढ़ सुख मजे उड़ा रहा है।

जब तुम सुनो कि किसी श्रीपतिके हाथमें टहनी फूटी और उसमें पत्ते निकले, तो तुम उसका अनुमोदन कर दो।

जब यह सुनो कि कोई दुखिया पानी पीनेके लिये किसी घाट पर आया सो पानी ही सूख गया, तो ऐसी बातको भी सच ही करो।

[illegible]

• [illegible]
अर्थ—बड़े हिम्मतवाला किन्तु दरिद्र बड़ा कष्ट पाता है।

एक अनोखा ख़याल।

[बग़दादके मुसलमानी राज्यकालमें यहिया नामका एक प्रतापी प्रधान सचिव हुआ था। उसीके मुहम्मद नामक पुत्र के मरने पर एक कविने शोकपूर्ण पदोंमें एक ऐसा अनोखा ख़्याल बाँधा है, जिसको सराहे बिना कोई सहृदय मनुष्य नहीं रह सकता।

—अनुवादक।]

मैंने दान और पुण्यसे पूछा कि तुम्हें क्या हो गया जो तुमने चिरस्थायी यशके बदलेमें अमिट तिरस्कार ग्रहण कर लिया है? और मान-मर्य्यादाका स्तम्भ क्यों ढह गया है?

उन्होंने उत्तर दिया कि हम पर यहियाके पुत्र मुहम्मदका दुःख पड़ा है।

इस पर मैंने कहा कि तुम लोग प्रत्येक स्थानमें उसके दास थे। तुम्हारे लिये तो उचित यह था कि तुम उसके मरने से पहले ही मर जाते।

उन्होंने कहा कि उसका शोक मनानेके निमित्त केवल आज ही एक दिन हम ठहर गये हैं। कल हम भी चले (मर) जायँगे।

एक कवि।

मैंने अपनी मर्यादाको बिकनेसे बचा रखा है; और उसका ख़रीदनेवाला तो कोई है ही नहीं।

—आबूदर इब्न बद्रून।

आदर्श भाव।

जो मनुष्य अपने कामोंमें ईश्वरके अतिरिक्त किसी और-अपना परम सहायक समझता है, उसे नाना प्रकारके ोग करने पर भी दुःख ही दुःख भोगना पड़ता है।

किसी कार्यमें यदि तू उसके किसी अन्य मार्गसे प्रविष्ट गा तो तू भूल भटक जायगा; और यदि दरवाजेकी ही हसे आवेगा तो सीधे मार्ग पर रहेगा। *

शत्रुकी हालत और उसके छलको तुच्छ न जान; क्योंकि नेक बार लोमड़ीने सिंहोंको पछाड़ दिया है। †

जिस मनुष्यने उच्च पद प्राप्त किया है, उसके हृदय पर ोहका बोझ नहीं हुआ करता। और जिसके स्वभावमें क्रोध ो, वह उच्च पद नहीं प्राप्त कर सकता।

निषिद्ध वस्तुको ग्रहण मत कर, क्योंकि उसकी मिठास जाती रहेगी और उसकी कडुवाहट बाकी रह जायगी।

गदहा रेशमी वस्त्र भी पहन ले तो भी लोग उसे गदहा ही कहेंगे।

आकाशमें अनगिनत तारे हैं; किन्तु ग्रहण केवल सूर्य्य

---

* मार्गारब्धाः सर्वकार्याः फलन्ति। भाम।
अर्थ—मार्गसे आरम्भ किये कार्य फल लाते हैं।

† शत्रु स्वल्प विपन्न वानुपेक्षेत कर्हिचित्।
अर्थ—छोटे अथवा विपन्न शत्रुकी भी कभी उपेक्षा न करे।

और चन्द्रको ही लगा करता है (अर्थात् विपत्तियाँ केवल बड़े मनुष्यों पर ही आया करती हैं।)*

जब कि आयुकी सीमा अन्तमें मृत्यु है तब आयुका अधिक तथा न्यून होना बराबरसा ही है।

जब कि ईश्वर किसी मनुष्यकी सहायता करनेके लिये ठान लेता है, तो उसके शत्रु भी उसके सहायक बन जाते हैं।

लोग दिखलानेके लिये मेरी आव-भगत करते हैं; किन्तु यदि वे मुझपर एकान्तमें अधिकार जमा सकें तो मुझे उसी समय मार डालें।

वास्तवमें साधुता उस युवकमें जो है अपनी इच्छाओं उस कालमें दूर रहे जब कि वह उन पर अपना अधिकार रखता हो। †

यदि तूने किसीके साथ भलाई की है तो उससे भलाई आशा रख; और यदि तूने कोई बुराई नहीं की तो किसी बुराईसे न डर।

—[illegible]

व्यायाम पर वार्तालाप।*

खलीलका कथन अनीससे।

अनीस ! तुम हमसे क्यों कतराते हो और खेलाड़ियोंके [सा]थ खेलमें क्यों नहीं सम्मिलित होते ?

क्या तुम नहीं देखते कि मित्र एक दूसरेको खेलनेके [लि]ये पुकार रहे हैं, और कैसे प्रसन्न चित्त हैं ? वे इस प्रकार [ह]ाथ फैलाते और सिकोड़ते हैं कि दर्शक लोग उनको देखकर [म]ुग्ध हो जाते हैं।

हिरनीके समान उनमें मुड़नेकी शक्ति है, पर जब वे [झ]ाड़ो को फाँदते हैं तो सिंह होते हैं।

जब वे सीधे खड़े हो जाते हैं तब स्तम्भके समान प्रतीत होते हैं। पर लचकनेके अवसर पर कोमल डालियोंकी नाईंही हैं।

अनीसका उत्तर।

हे खलील ! चलो, दूर हटो ! मेरे पाससे जाओ। निस्सन्देह तुम लोग बड़े शठ हो।

घोड़ा कुदाने और कूद-फाँद करनेसे क्या लाभ ? और भला लकड़ीके खेल और गेंद खेलनेसे लाभ ही क्या ?

---

* इस व्यायामके विषयका कथन परस्पर वार्तालापकी शैली पर है। खलील और अनीस इस वार्तालापके नायकोंके कल्पित नाम है।

—अनुवादक।

ओ शरीर दास ! कहीं विद्वान् मनुष्य अपने अमूल्य समयको खेल-कूदमें लगाता है ? खेल-कूद तो बच्चोंके लिये छोड़ दो। बस उठो और किसी काम-काजमें लग जाओ।

खलील।

अरे अनीस ! तुम्हारी बात तो निस्सन्देह ऐसी है कि उससे सुननेवाले धोखेमें पड़ सकते हैं। परन्तु हमपर हमारे शरीरका प्रभुत्व है।

सो यदि हम उसको पुष्ट करेंगे तो वस्तुतः वह हमारा सहायक बनेगा।

क्या उस निर्बलसे कुछ भलाईकी आशा की जा सकती है, जिसका हृदय सदैव खिन्न और अप्रसन्न रहता है?

वास्तवमें लोगोंका यह कहना सच है कि शरीरकी स्वस्थताके बिना मनुष्यकी बुद्धि भी ठीक नहीं रहती।

तुम अब अपने और मेरे शरीरकी ओर देखो, तो तुम्हें ठीक ठीक पता चल जायगा और सच या झूठका निर्णय हो जायगा।

तुम विद्या और विवेकमें भी मुझसे आगे न बढ़ सकोगे, और अच्छी तरहसे जान लोगे कि तुम नहीं, बल्कि मैं ही श्रेष्ठ हूँ।

अनीस।

तुम्हारी कृपाके लिये मैं धन्यवाद देता हूँ। और ऐ खलील, ईश्वर करे कि तुम सदैव सुरक्षित और प्रसन्नताके साथ जीवित रहो।

तुमने तो मुझे सन्तुष्ट कर दिया और अब मेरी सारी गठ भारी हो गई। सो अब तुम कल ही मुझको रोनाड़ियोंके साथ पाओगे ।

—बदर मुहम्मद उदूनी ।

कुशल सहनशील ।

हे मेरे मित्रो, याद रक्खो कि कोई आपत्ति चाहे कितनी ही भीषण क्यों न हो, पर ईश्वरकी सौगन्द कि सदैव किसी जीव पर नहीं रहेगी । *

सो यदि किसी दिन तुम पर कोई आपत्ति आ जाय तो उससे व्याकुल न हो जाओ; और यदि तुम्हारी कुछ हानि हो जाय तो सबसे शिकायत न करते फिरो ।

निस्संदेह बहुतसे ऐसे कुलीन हैं कि उनपर आपदाएँ आईं तो वे धैर्य्य धारण किये रहे; यहाँ तक कि वे सब आपदाएँ मुँह सिकोड़े हुए स्वयं चली गईं ।

कुछ ऐसी भी घोर विपत्तियाँ पड़ीं जो अथाह जलके समान लहरें मारनेवाली थीं । पर धैर्य्यके साथ ही मैंने उनका भी स्वागत किया । यहाँ तक कि वे लुप्त हो गईं ।

कालके चक्रोंके निमित्त मेरी आत्मा तो सदैवसे बड़ी टेकड़ है; परन्तु जब उसने देखा कि मैं आपत्तिके अवसर पर र्य्य धारण कर लेता हूँ, तब उसने भी धैर्य्य धारण कर लिया ।

---

* नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ।   मेघदूत ।
रथ-चक्रके धुरेकी भाँति दशा ऊपर नीचे होती रहती है ।

यह देखकर मैंने अपनी आत्मासे कहा कि तू एक प्रतिष्ठित पुरुषके समान जान पड़ता है। और सच तो यह है कि दुनियाँ कभी हमारी थी, पर उसने अब हमसे मुँह मोड़ लिया है।

—हाफ़िज़

प्रभुताका मार्तण्ड।

मेरे गुणोंसे तो तू अनभिज्ञ नहीं है, और वास्तवमें इन्हींके कारण लोग मुझसे जलते हैं। परन्तु लोगोंके जलने-भुननेपर भी मैं सर्दैव उन्नतिके शिखर पर चढ़ता रहता हूँ।

मुझ पर जो विपत्तियाँ आती हैं, वे मेरे गौरवको यथेष्ट रूपसे बढ़ा ही दिया करती हैं।

हे मेरे मित्र! जब कि तू मुझसे पृथक् हो जायगा तो वास्तवमें तू ऐसे शक्तिशाली पुरुषसे नाता तोड़ बैठेगा, जिसकी फुरतियाँ उसके सहयोगियोंके हृदयोंको कँपा देती हैं।

जब कि अन्य लोग छिप जाते हैं, उस समयमें भी तू मुझे सूर्यके समान पावेगा, जो कभी किसी स्थानमें छिपा नहीं करता।

—महमूद-बिन-मुहम्मद अनसारी।

मेरे पास कोई ऐसी वस्तु नहीं रही जो कि एक पैसेमें भी बेची जा सके। और मेरी शकल मेरी हालतको दर्शा ...ती है।

यह घोड़ा उस घोड़-दौड़में प्रथम रहा था, जिसमें समस्त दर्शक एकत्र थे; और यह फिर उस समय एक बाजके समान वर्षाकी बून्दोंको झाड़ता था।

यह उस अच्छे शिकारी बाजके समान है जो दूरसे ही शिकार पर चोट करता है और जिसके छोटे परोंसे समीपके पक्षी भयभीत रहते हैं।

जिसके भयसे पक्षी वृक्षोंकी डालियोंमें शरण लेते हैं, जो शिकारको दूरसे ही देख लेता है और जब उसके निकट आ जाता है, तो शिकार उसके पंजेसे निकल नहीं सकता।

जो कि ऐसा अच्छा शिकारी बाज है कि शिकारके निकट पहुँचनेसे ही, शिकारको ऐसा प्रतीत होता है, मानो वह उस पर टूट पड़ा।

उसकी आँखें बड़ी ताड़नेवाली हैं; और ऐसा मालूम होता है कि मानों एक पत्थरके दोनों किनारोंमें रक्खी हुई हैं। यहाँ तक कि सूईसे कभी सी भी नहीं गई। *

—हुमयद-उल-अरक़त।

काल-चक्रकी बदौलत आनन्द तो कभी कभी ही मिला करता है, पर उसकी आपदाएँ प्रायः सदैव बनी रहती हैं।

—इब्न राबिन्दी।

---

* ध्यान रहे कि जब कोई बड़ा बाज पकड़ा जाता है, तो उसकी आँखें पहले सी दी जाती हैं जिसमें वह पालतू हो जाय। परन्तु कविने अपने घोड़ेकी तुलना ऐसे बाजके साथ की है, जो स्वेच्छानुसार विचरकर शिकार करनेवाला है और न कभी पकड़ा गया है और न उसकी आँखें ही सी गई हैं।

अनुवादक।

जब तू जीवित था तब मैं साहसवाली थी, निडर होकर मैदानमें फिरा करती थी और तू मेरा बाहुबल था।

आज मैं एक तुच्छके सन्मुख भी हीन हूँ और उससे डरती हूँ; और यदि कोई मुझ पर अत्याचार करता है, तो मैं (निःशस्त्र होनेके कारण) उसको अब अपने हाथोंसे रोकती हूँ।

मुझको अब मजबूर होकर अपनी आँख बन्द कर लेनी पड़ती है, क्योंकि मैं जानती हूँ कि मेरे सवारों और नेज़ोंकी तेजी तेरी मृत्युके कारण जाती रही है।

जब कि क़ुमरी (चिड़िया) दिनमें, वृक्षकी किसी डाली पर बैठकर 'वाहाजनाहा' कहती है, मैं उस समयमें 'वासवाहा'—ऐ मेरी सुबह मुझ पर दया कर—कहती हूँ •

[illegible]

पुत्र और वधूमे दुःखी स्त्री।

मैंने अपने पुत्रका पालन पोषण उस समय किया जब कि वह पक्षीके एक ऐसे नन्हे बच्चेके समान था जिसके शरीर पर छोटे ही छोटे बाल होते हैं और जिसके शरीरका सबसे बड़ा अङ्ग पेट ही होता है।

हो । साथही साथ जिसकी नकेलकी डोर भी तङ्ग हो और वह ऐसी भूमिपर आगे बढ़ता हो जिसमें पैर धँसते हों ।

—निलाद-उन-बि

एक अभ्यागत-सेवी कुटुम्ब । *

जाड़के दिनोंमें मैं मुहल्लबके परिवारका अतिथि था। वे दिन अकालके थे और मैं विदेशमें एक यात्री था।

उन्होंने निरन्तर मेरा सत्कार किया था, बराबर मेरा हाल पूछा था और सदैव मुझ पर करुणा रखी थी । यहाँ तक कि उनको मैंने अपना परिवार ही समझ लिया था ।

—एक कवि

भाईका दुखड़ा ।

ऐ मेरी आँख । प्रत्येक दिन जब कि भोर हो, उस समय भाई जरीह पर चार आँसू बहाया कर ।

निस्सन्देह मेरा भाई मेरे लिये एक पहाड़के समान था जिसकी छायामें मैं शरण लेती थी । परन्तु मर जानेके बाद तू (मेरा भाई) मुझे ऐसे चटियल मैदानमें छोड़ गया है, जिसमें कहीं छाया नहीं; और मैं अब धूपमें पड़ी हूँ ।

---

* प्राचीन अरबमें अतिथि-सेवाकी बड़ी प्रथा थी । विशेषतः अकालके समय जो कोई आगन्तुकोंको खान-पानादिसे सुख पहुँचाता था, वह असीम आदरणीय तथा महत्वपूर्ण प्रशंसाका भागी होता था । और जो कोई अभ्यागतोंकी सेवामें किंचित् भी कसर रखता था वह अति निन्दनीय माना जाता था ।

—अनुवादक

क्या ऐसा तो नहीं हुआ कि तुझे उन विपत्तियोंने मृत्युका मुंह दिखाया हो, जिन्होंने कि पर्वतोंके वर्षोंका क्षय कर दिया है ?

मनुष्य चाहे जहाँ जाय, मृत्यु उसकी घातमें वहाँ लगी रहती है।

कौन सा अच्छा गुण है जो तुझमें न था और अन्य किसीमें था (अर्थात् तू सकल गुण-संपन्न था) ?

हे लोगो ! जब कि मृत्युका समय आ जायगा, उस समय प्रत्येक वस्तु तुम्हारी घातक बन जायगी।

बिना किसी कष्टके अनेक बार तू अपने उद्योगमें सफली-भूत रहा।

निस्सन्देह किसी आपदाने ही तुझको इस बातसे रोका है, कि तू मुझे उत्तर दे। अब मैं धैर्य्य धारण करूँगी, क्योंकि तू अपने पूछनेवालेको उत्तर ही नहीं देता।

ईश्वर करे कि मेरा हृदय तेरी ओरसे एक क्षणके लिये धैर्य्य धरे।

क्या ही अच्छा होता कि मैं तेरे बदलेमें मृत्यु की भेट होती।

—एक स्त्री।

एक बादशाहकी माताका परलोकगमन। ❀

हम शत्रुओंको मारनेके लिये उत्तम उत्तम तलवारें और बड़े बड़े भाले तैय्यार करते हैं। परन्तु मृत्यु बिना लड़े ही हमारा सफाया कर देती है।

❀ सैफ-उद-दौल नामी, शाम (Syria)के बादशाहकी माताकी मृत्यु पर ये शोकपूर्ण पद्य कहे गये थे। —सम्पादक।

के तनेसे मोटी मोटी डालियोंको काट दिया गया हो। परन्तु इतना बड़ा होकर अब उसने मुझे मारना शुरू किया और मुझे शिक्षा देना आरंभ किया। परन्तु बुढ़ापेके बाद मैं सभ्यता सीखूँ, यह आशा उसको न रखनी चाहिए।

अब जब मैं उसके बनाव-शृङ्गारको देखती हूँ तो बड़ आश्चर्य होता है। यहाँ तक कि उसकी डाढ़ीके बालोंसे भी बड़ी विचित्रता टपकती है।

एक दिन उसकी बहूने मुझको सुनाते हुए उससे कहा कि दुष्कर्मोंको छोड़ दे; क्योंकि माताके साथ समझ बूझकर व्यवहार करना चाहिए।

उसकी बहूने तो मुझे सुनाकर ऐसा कहा; किन्तु उसक वास्तविक हाल यह है कि यदि वह मुझे जलती हुई अग्निमें पड़ देखे, तो निकालनेके बदले उलटे आगमें कुछ लकड़ियाँ और डाल दे।

—हज़ान वंशकी एक स्त्री।

विदेशमें पुत्रका मारा जाना।

लूट-मार करके धनोपार्जनकी इच्छासे तू रात्रिके सम गया। परन्तु उलटा तू ही मृत्युके घाट उतार गया।

मैं नहीं जानती कि किसने तुझे मार डाला। ईश्वर कि मुझे तेरे घातकका पता लग जाय।

यदि तू मारा नहीं गया, तो फिर क्या तू बीमार है जो पर लौटकर नहीं आया? अथवा तू शत्रुओंके चंगुलमें फँसा हुआ है?

पृथ्वीके नीचे एक ऐसी स्थिति है जो कि उसके नी
पुरानी हो जायगी। परन्तु हमारी स्मृति उसके विषयमें सदै
नवीन ही रहेगी।

कोई मनुष्य संसारमें नित्य नहीं रहेगा, बल्कि सभ
लोग क्षयको प्राप्त होंगे।

मेरी आत्मा इस बातसे सन्तुष्ट है कि तू ऐसी मौत म
है जिसकी अभिलाषा समस्त जीवित स्त्रियाँ और पुरु
रखते हैं।

तू शुभ दिवस प्राप्त करके मरा है। और तनमेंसे को
दिन भी ऐसा संकटमय नहीं हुआ कि जिसमें तूने जीवन
स्थानसे मृत्युको श्रेष्ठ न समझा हो।

मानका परदा तुझपर तना हुआ है, क्योंकि राज्य तेरे पु
अली (मैज़-उद-दौल) के हाथमें उस अवस्थामें है।

तेरी कबर पर (ईश्वर करे) प्रातःकालके समय बरसने
वाला मेघ ऐसा बरसे जैसा कि तेरा हाथ दानकी वर्षा किय
करता था।

वह चारों ओर फैला हुआ मेघ मूसलाधार बरसे औ
भूमिको ऐसा उपजाऊ डाले जैसे जैसे लोगको (दानेवाले पानी
को देखकर पोढ़े भूमिका प्रसाद देते हैं।

मैं तेरा हाल प्रत्येक प्रभुतासे पूछता हूँ, क्योंकि तेरे जिन्
से मुझे यह पता है कि कोई प्रभुता तुझसे वंचित नहीं थी
कोई भिखारी जब तेरी कबरके समीपसे जाता है तो उ
हो पड़ता है। यहाँ तक कि रोते रोते भिखारी मस्तक नु
जाता है।

हम अच्छे अच्छे तेज घोड़ोंके स्वामी होते हैं। फिर भी वे हमको कालचक्रके घावोंसे मुक्त नहीं करते।

कौन है जो संसार पर सदैवसे मोहित नहीं! परंतु संसारमें सर्वदा रहनेके लिये कोई मार्ग ही नहीं।

मित्रसे मिलना जुलना मेरे भागमें ऐसा ही है जैसे कि मुमुर्षुकी अवस्थामें तेरे विचारकी दशा होती है।

कालने मुझ पर आपदाओंके इतने बाण फेंके कि मेरा हृदय तीरोंके परदेमें हो गया।

सो जब मुझ पर बहुतसे तीरोंकी बौछार हुई तो मैं ऐसे बिंध गया कि बाणोंके फलों पर फल टूटे।

मुझ पर दुःख सुगम हो गये। अब मैं उनकी कुछ तितिक्षा नहीं करता, क्योंकि जिस पर सर्वदा आपत्तियाँ आती रहती हैं, उसके लिये कोई क्लेश दुस्तर नहीं हो सकता।

जिसने बादशाहकी माताके परलोकगमनका समाचार दिया, उसने निस्सन्देह आज प्रथम बार (संसारमें) इतनी बड़ी कुलवतीकी मृत्युका समाचार दिया है।

अब इस समाचारसे लोगोंकी हालत ऐसी हो गई है, मानो इससे पहले किसीको मृत्युने दुःख ही नहीं दिया था और न किसीके मनमें ऐसी आपत्तिकी स्फुरणा ही हुई थी।

सुगन्धिके बदले, उस स्वर्गवासिनीके मुख पर ईश्वरकी कृपा सुशोभित है और सौन्दर्य उसपर लपटे हुए कफ़नके समान है।

यह स्वर्गवासिनी कबरमें ढँकनेसे पूर्व चतुराईसे ढँकी हुई थी और उच्च भावोंसे पूर्ण थी।

तेरी लाशके साथ व्यापारी लोग नहीं गये थे जो कि लौटनेके पश्चात् अपना अपना जूता साफ करते।

तेरी लाशके चारों ओर बड़े बड़े लोग नङ्गे पैर और पैदल थे। और छोटे छोटे कंकर-पत्थर उनके पैरोंके नीचे शुतुर-मुर्ग़-(ऊँट-पक्षी) के बच्चोंके परोंके समान थे।

तेरी मृत्युके शोकसे परदेमें रहनेवाली स्त्रियोंको परदेने प्रकट कर दिया। और उन्होंने केवल काले वस्त्रको धारण नहीं किया बल्कि सुगंधित उबटनके स्थानमें मुखपर स्याही मल ली।

इन स्त्रियोंको जब आपत्ति-जनक समाचार मिला तो हँसी-खुशीके कारण, उनकी आँखोंमें जो नीर था वह आपत्तिके नीरमें परिवर्तित हो गया।

जैसी तू योग्य थी, यदि उसी प्रकार अन्य स्त्रियाँ भी होतीं तो निस्सन्देह स्त्रियोंको पुरुषोंसे श्रेष्ठ गिना जाता।

सूर्य्य (ज्योति केंद्र) का वाचकशब्द (शम्स) स्त्री-लिङ्ग नाम है तो कुछ हर्ज नहीं। और चन्द्रमाके लिये पुलिङ्ग शब्द है, तो इससे चन्द्रमाके लिये कोई गौरव नहीं। *

जो लोग मर गये हैं उनमेंसे उसका मरना सबसे अधिक दुःखदायी है जो मरनेसे पूर्व अद्वितीय हो।

हममें से कुछ लोग, कुछ लोगोंका अन्त्येष्टि संस्कार करते हैं और पिछले लोग अगलोंके सिरों पर चढ़ते हैं।

बहुत सी आँखें ऐसी हैं कि उनके किनारोंको चूमा जाता

---

* फारसी भाषामें सूर्य्यवाचक शब्द स्त्रीलिङ्ग है और चन्द्रमा वाचक पुलिङ्ग है अनुवादक।

तू अनेक प्रकारसे दान किया करती थी। क्या ही अच्छा होता कि इस समयमें भी तुझे दान करनेकी शक्ति होती।

मैं तुझे तेरे जीवनकी सौगंद देकर पूछता हूँ, कि क्या तू जीवन और उसकी बात भूल गई? और मैं यद्यपि तेरे निवास-स्थानसे दूर हूँ, तथापि तुझको नहीं भूलता।

तूने हमारी इच्छाके प्रतिकूल अब ऐसे स्थानमें जाकर निवास किया है जहाँ कि उत्तरी तथा दक्षिणी वायु पहुँचते ही नहीं।

अब खुज़ामा झाड़ियोंकी सुगंधि तेरे निकट नहीं पहुँचते और मेघकी फुहार (छोटी छोटी हलकी बूँदें) भी तेरे समीप जानेसे रुक गई है।

तू अब ऐसे स्थानमें है जिसका निवासी अपने गृहसे दूर होता है और सम्बन्धियोंसे नाता तोड़े हुए पृथक् रहता है।

तू अदासी, मेघके जलके समान पवित्र थी; और अपने भेदोंको गुप्त रखनेवाली तथा बातकी सची थी।

तेरी बीमारीके दिनोंमें तेरी दवा एक बड़ा निपुण चिकित्सक करता था। परन्तु तेरा अद्वितीय पुत्र प्रभुताका बड़ा भारी चिकित्सक है।

जब कि किसी सीमाका रोग, तेरे पुत्रके संमुख लोग प्रकट करते हैं तो उसके लम्बे भालोंके फल उस सीमाको नीरोग करते हैं।

तू अन्य स्त्रियोंके समान नहीं थी। और न तू उन स्त्रियोंके समान थी जिनकी क़बरें उनके लिये परदेके समान समझी जायँ।

सुभाषित संग्रह ।

जिस समय कड़ी भूख और अनुराग दोनों इकट्ठे हो जाते हैं, उस समय मनुष्य नवयौवना सुन्दरीके मिलापको भूल जाता है (अर्थात् भूख ही प्रबल होती है)।

—एक कवि।

यदि विद्वान् मनुष्यने लोगोंको साधारण रीतिसे परखा है, तो मैंने गूढ़ रूपमें परखा है। सो मैंने लोगोंके प्रेमको धोखा और उनके धर्मको कूट पाया है।

—एक कवि।

जब मेरे बुरे दिन आये, तो मैं धैर्य धारे रहा; यहाँ तक कि वे बुरे दिन बीत गये, और मैंने अपनी आत्माको धैर्य पर ही डटाये रखा, सो वह धैर्य पर ही सदैव डटा रहा।

—अबुल-हसन-मावर्दी।

मैंने बहुत सी ऐसी रातें काटी हैं, मानों सूर्य्य उनमें अपना मार्ग ही भूल गया था, और पूर्व उसके निकलनेका ठिकाना ही न था।

—समकर

मैं देखता हूँ कि लोग अपनी स्त्रियोंको मारते हैं, पर मेरा हाथ उसी समय टूट जाय जिस समय कि मैं अपनी स्त्रीको मारूँ।

—क़ाज़ी शुरैह।

जब कि तू किसी ऐसे स्थानमें पहुँचे, जहाँ कि सब काने ही काने हों, तो तू भी अपनी एक आँख मूँद ले।

—एक कवि

था। परन्तु उन आँखोंमें अब पत्थरों और रेतका सुरमा डाला गया है।

बहुतसे लोग ऐसे हैं, भारी आपत्तिके समय भी जिनकी आँख नहीं झपकती थी। परन्तु अब वे आँख मूँदे हुए हैं, और बहुतसे लोग ऐसे हैं कि वे दुबले होने पर चिन्तामें पड़ जाते थे, परन्तु अब विवश हैं।

ऐ सैफ-उद्दौलः! तू धैर्यसे सहायता ले; और यही तेरे लिये उचित है। क्योंकि पहाड़ भी तेरे समान धैर्य धरने वाले नहीं हैं।

और तूही तो ऐसा है जो कि सब लोगोंको धैर्यकी शिक्षा देता है और घोर संग्राममें प्रविष्ट हो जाना सिखाता है

कालकी दशाएँ सर्वदा बदलती रहती हैं। परन्तु तू सदैव एक ही दशामें रहता है।

हे बड़ी बड़ी लहरोंवाले दानके समुद्र! ईश्वर करे, कि तेरे दानकी नदियोंमें दो दो बार पानेसे भी कभी पानी कम न हो।

जिन बादशाहोंको मैं देखता हूँ, उनमें और तुझमें ऐसा अन्तर है, जैसा कि टेढ़ी और सीधी वस्तुमें हुआ करता है।

तू भी एक मनुष्य ही है, परन्तु अन्य लोगोंसे श्रेष्ठ हो गया है। जैसे कि कस्तूरी हिरनका ही लहू होती है, परन्तु अन्य लहूसे श्रेष्ठ होती है।

—मुतनब्बी।

संसारमें हमसे पहले जो लोग पैदा किये गये थे, यदि वे जीवित रहते तो हम पृथ्वी पर आने-जानेसे रोक दिये जाते।

—इब्नयमीन।

ए सुननेवाले! क्या तुझे ज्ञात नहीं कि पृथ्वी चौ-चक्की है। फिर क्या कोई भाग तुझे रहने न देगा?

—[illegible]।

जब किसी विवेकीने संसारकी परीक्षा की, तो उसे ज्ञात हुआ कि संसारमें मित्रके वस्त्रोंमें कैसे कैसे शत्रु हैं।

—[illegible]।

मनुष्यको मृत्युके पश्चात् उसी मकानमें निवास करना होगा जिसको कि उसने अपनी मृत्युसे पहले बनाया है।

—इमाम अली।

संसारमें दो वस्तुएँ बहुत ही कम पाई जाती हैं—एक तो शुद्ध कमाईका धन, दूसरे सत्य-शिक्षक मित्र।

—[illegible]।

जब कि मैं जानता हूँ कि मेरा जीवन केवल एक क्षण मात्र है, तो मैं क्यों उसको ईश्वरकी स्तुति, प्रार्थना और उपासनामें न लगाऊँ?

—सुलैमान फ़ारसी

समाप्त।